दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-44, अंक 198
कोटद्वार शनिवार
19 नवम्बर 2022, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

### जोशीमठ से किमाणा जा रहा वाहन हुआ हादसे का शिकार

# मैक्स खाई में गिरी,12 यात्रियों की मौत





**जोशीमठ (चमोली)।** करीब 3रू30 बजे पल्ला गांव के समीप खड़ी चढ़ाई पर मैक्स आगे नहीं बढ़ पाई। पीटे सरकते देख उस पर सवार किमाणा गांव का जीतपाल सिंह एक अन्य के साथ उतरा और टायर में पत्थर अड़ाने लगा।

उर्गम घाटी में निर्माणाधीन उर्गम-पल्ला जखोला मोटर मार्ग पर शुक्रवार को पल्ला गांव के समीप मैक्स करीब 500 मीटर गहरी खाई में गिर गई। इसमें सवार 21 लोगों में 12 की मौत हो गई जबकि चार घायल हो गए। एक व्यक्ति हादसे से ऐन पहले उतर गया था जबकि मैक्स की छत में बैठे दो मजदूर और दो स्थानीय लोग खाई में गिरने से पहले कूद गए जिससे उनकी जान बच गई।

पुलिस के अनुसार, शुक्रवार दोपहर एक मैक्स जोशीमठ से सवारियों को लेकर किमाणा गांव जा रही थी। करीब 3रू30 बजे पल्ला गांव के समीप खड़ी चढ़ाई पर मैक्स आगे नहीं बढ़ पाई। पीटे सरकते देख उस पर सवार किमाणा गांव का जीतपाल सिंह एक अन्य के साथ उतरा और टायर में पत्थर अड़ाने लगा। बताते हैं कि वाहन ओवर लोड होने के कारण पत्थर पार कर गया और तेजी से नीचे आने लगा। इस दौरान चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया। कुछ ही पलों में मैक्स 500 मीटर नीचे खाई में जा गिरी।

वाहन के परखच्चे उड़ गए। सूचना पर पहुंची एनडीआरएफ और एसडीआरएफ ने रेस्क्यू अभियान चलाया। देर शाम तक 12 लोगों के शव निकाले जा चुके थे। चार घायलों को भी निकाला गया जिन्हें उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उर्गम लाया गया है। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ की टीमों के साथ ही स्थानीय लोग देर रात तक बचाव अभियान में जुटे रहे। सूचना पर डीएम हिमांशु खुराना और एसपी प्रमेंद्र डोबाल भी पहुंचे।

ग्यारह किलोमीटर लंबी उर्गम-पल्ला जखोला सड़क वर्ष 2020 से निर्माणाधीन है। इन दिनों नौ किलोमीटर पर स्थित उछों ग्वाड़ गांव के समीप सड़क पर निर्माण कार्य चल रहा है। है। सड़क का अधिकतर हिस्सा चट्टानी है। पल्ला जखोला गांव के पूर्व प्रधान मनवर सिंह रावत, हर्षवर्द्धन झिंक्वाण ने बताया कि जिस स्थान पर दुर्घटना हुई है, वहां तीखी चढ़ाई है। डांग गदेरे में पुल भी निर्माणाधीन है।

## खाई में गिरते ही मैक्स के उड़े परखच्चे, मच गई चीख-पुकार

**जोशीमठ (चमोली)।** उत्तराखंड के चमोली जिले की उर्गम घाटी में निर्माणाधीन उर्गम-पल्ला जखोला मोटर मार्ग पर दर्दनाक हादसा हो गया। शुक्रवार शाम पल्ला गांव के पास एक मैक्स वाहन दुर्घटनाग्रस्त होकर गहरी खाई में गिर गया। खाई इतनी गहरी थी कि वाहन के परखच्चे उड़ गए।

जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने बताया कि दुर्घटना स्थल पर अभी तक 12 लोगों के मृतक होने की जानकारी मिली है। पांच लोग घायल हैं, जिनमें से तीन लोगों को सड़क पर लाया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, वाहन में 17 लोग सवार थे।

घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उर्गम ले जाया गया। दुर्घटना की जानकारी मिलते जी जिलाधिकारी हिमांशु खुराना और पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र डोबाल एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे।

खाई अधिक गहरी होने के कारण रेस्क्यू अभियान में दिक्कतें आ रही हैं। रेस्क्यू अभियान अभी भी जारी है। स्थानीय लोग भी राहत और बचाव में सहयोग दे रहे हैं। जानकारी के अनुसार, मैक्स वाहन जोशीमठ से सवारियों को लेकर किमाणा गांव जा रहा था। पल्ला गांव के समीप अपराह्न 3 बजे यह वाहन अचानक दुर्घटनाग्रस्त होकर गहरी खाई में जा गिरा। स्थानीय लोगों को दुर्घटना की जानकारी मिलते ही इसकी सूचना प्रशासन और पुलिस को दी गई।जिलाधिकारी ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही राहत बचाव कार्य शुरू कर दिया गया था। वहीं, ग्रामीणों द्वारा दुर्घटना का कारण वाहन का ओवर लोड होना बताया जा रहा है।

## गेंदे के फूलों से सजा बदरी विशाल का धाम, आज बंद होंगे मंदिर के कपाट

**जोशीमठ (चमोली)।** बदरीनाथ धाम के कपाट शनिवार को अपराह्न 3 बजकर 35 मिनट पर शीतकाल के लिए बंद हो जाएंगे। बदरीनाथ धाम के सिंह द्वार को गेंदे के फूलों से सजाया गया है। शुक्रवार को पंच पूजाओं के चौथे दिन माता लक्ष्मी का आह्वान कर पूजन संपन्न हुआ। बदरीनाथ धाम के कपाट बंद होने की प्रक्रिया के तहत शुक्रवार को माता लक्ष्मी की पूजा अर्चना तथा कढ़ाई भोग अर्पित किया गया।शनिवार को रावल (मुख्य पुजारी) ईश्वरी प्रसाद नंबूदरी स्त्री वेश धारण कर माता लक्ष्मी की प्रतिमा को बदरीनाथ धाम के गर्भगृह में प्रतिष्ठापित करेंगे और उद्धव व कुबेर जी की प्रतिमा को मंदिर परिसर में लाया जाएगा।

बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के मीडिया प्रभारी डा. हरीश गौड़ ने बताया कि माणा गांव की महिला मंगल दल की महिलाओं की ओर से तैयार किए गए घृत कंबल (घी में भिगोया ऊन का कंबल) को भगवान बदरीनाथ को ओढ़ाया जाएगा। इसके बाद अपराह्न 3 बजकर 35 मिनट पर बदरीनाथ धाम के कपाट शीतकाल के लिए बंद कर लिए जाएंगे।

## उत्तर कश्मीर के माछिल में हिमस्खल से तीन जवानों की मौत, सभी शव निकाले गए

**जम्मू, एजेंसी।** उत्तर कश्मीर के कुपवाड़ा जिला में पड़ने वाले माछिल इलाके में शुक्रवार शाम को हुए हिमस्खलन में सेना के तीन जवानों की मौत हो गई। हादसे के बाद कड़ी मशक्कत से बर्फ को तोड़ कर दबे जवानों को निकाला गया, तब तक काफी देर हो चुकी थी।जवानों की पहचान अभी उजागर नहीं हो सका है। हिमस्खलन की घटना में मारे गए सभी जवान 56 राष्ट्रीय राइफल्स के हैं। अभी तक प्राप्त जानकारी के मुताबिक सेना के 56 राष्ट्रीय राइफल्स के जवानों का एक दल शुक्रवार शाम को कुपवाड़ा जिला अंतर्गत पड़ने वाले दूरदराज इलाके माछिल में रुटीन गश्त पर था। जहां गश्त की जा रही थी, वहां काफी बर्फ जमी हुई थी। अचानक से बर्फ का बड़ा सा चट्टान गश्त कर रहे सेना के दल पर आ सिखका। इसमें तीन जवान दब गए। तुरंत बाकी जवानों ने राहत और बचाव कार्य शुरू किया। बर्फ को काटने का साजो-सामान मौके पर लाया गया। देर शाम को बर्फ के नीचे से तीन जवानों के शव निकाले गए हैं। कुपवाड़ा पुलिस ने तीन जवानों के शव निकाले जाने की पुष्टि की है।

## सपा विधायक व उनके भाई के खिलाफ गैर जमानती वारंट

**कानपुर ,एजेंसी।** समाजवादी पार्टी के विधायक इरफान सोलंकी और उनके भाई रिजवान के खिलाफ एक स्थानीय अदालत ने गैर-जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) जारी किया है। अदालत ने उन्हें भगोड़ा घोषित कर दिया है। जाजमऊकी डिदें स कलोनी में एक प्लट के मालिकाना हक को लेकर हुए विवाद में एक महिला द्वारा आगजनी, दंगा करने और धमकी देने के मामले में इरफान और रिजवान वांछित हैं।

संयुक्त पुलिस आयुक्त आनंद प्रकाश तिवारी ने कहा, घटना के 10 दिनों के बाद और प्राथमिकी दर्ज करने के बाद दोनों को पुलिस ने भगोड़ा घोषित कर दिया है। पुलिस ने अदालत में आरोपियों के खिलाफ गैर जमानती वारंट के लिए भी आवेदन किया था।

### हाई कोर्ट से बीजेपी के पूर्व विधायक विक्रम सैनी को बड़ी राहत

## मुजफ्फरनगर दंगा केस में रिहा करने का दिया आदेश

**प्रयागराज, एजेंसी।** मुजफ्फरनगर दंगे में दोषी करार दिए गए बीजेपी के निवर्तमान विधायक विक्रम सैनी को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने निवर्तमान विधायक की ओर से निचली अदालत के फैसले के खिलाफ दाखिल अपील पर सुनवाई करते हुए उन्हें जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा है कि उन्हें जमानत पर छोड़ा जाता है। यह आदेश न्यायमूर्ति समिति गोपाल ने विक्रम सैनी की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है।

निवर्तमान विधायक मुजफ्फरनगर जिले की खतौली सीट से बीजेपी के टिकट पर विधायक चुने गए थे। मुजफ्फरनगर की स्पेशल कोर्ट ने 11 अक्तूबर को विक्रम सैनी को दोषी करार देते हुए उन्हें दो साल की सजा सुनाई थी। दो साल की सजा मिलने की वजह से उनकी विधानसभा की सदस्यता रद्द कर दी गई थी। खतौली की इस सीट पर विधानसभा का उपचुनाव हो रहा है। मामले के अनुसार 27 अगस्त 2013 को मुजफ्फरनगर के कवाल गांव में दंगा हुआ था। विक्रम सैनी समेत 28 लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज हुआ था। मुजफ्फरनगर की स्पेशल कोर्ट ने इन 28 में से 12 लोगों को दो-दो साल की सजा सुनाई है। 15 लोग सबूतों के अभाव में बरी हो गए हैं। एक आरोपी की मृत्यु भी हो गई है। विक्रम सैनी घटना के वक्त ग्राम प्रधान थे। चार नवंबर को विक्रम सैनी की सदस्यता रद्द की गई थी। हाईकोर्ट उनकी अपील पर अब 21 नवंबर को सुनवाई करेगा।

# उत्तराखण्ड योग, आयुष, आध्यात्म की भूमि : सीएम

### राज्य सरकार प्राकृतिक चिकित्सा को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उत्तराखंड की भूमि प्राकृतिक संसाधनों से परिपूर्ण भूमि है, प्राकृतिक संसाधनों को अपनाकर प्राकृतिक चिकित्सक मानव जीवन को रोग मुक्त करती है। उन्होंने कहा कि ऋषियों और संतो की तपस्थली उत्तराखण्ड सदैव से ही विश्व कल्याण के लिए ज्ञान का प्रचार-प्रसार करती रही है। यह योग, आयुष, आध्यात्म की भूमि है, उन्होंने कहा आध्यात्मिक और धार्मिक चेतना की जागृति का जो संगम हमारी देवभूमि में देखने को मिलता है वह अद्भुत है। प्राचीन काल से ही आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग का ज्ञान इसी धरती से हमारे ऋषियों द्वारा विश्व के समक्ष प्रस्तुत किया गया। उन्होंने कहा राज्य सरकार भी प्राकृतिक चिकित्सा को बढ़ावा देने एवं इसके प्रचार-प्रसार, करने के लिए प्रतिबद्ध और सक्रिय हैं। राज्य एवं केंद्र सरकार साथ मिलकर प्रदेश में योग, आयुर्वेद और प्राकृतिक चिकित्सा के विकास हेतु निरंतर कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को नवयोग ग्राम, टनकपुर में प्राकृतिक चिकित्सा दिवस के अवसर पर सूर्योदय सेवा समिति द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा (नेचुरोपैथी) एवं योग संगोष्ठी कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। उन्होंने पुरातन एवं प्राकृतिक मड थेरेपी को बढ़ावा देते हुए मड बाथ (गीली मिट्टी से स्नान) भी किया। साथ ही उन्होंने प्राकृतिक चिकित्सा शिक्षा पद्धति के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले अध्यापको एवं छात्रों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मनुष्य के जीवन में सबसे बड़ा सुख उसके निरोगी रहने का है। प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति से जुड़कर ही यह सुख प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत अपनी प्राचीन संस्कृति, सभ्यता और ज्ञान का परिचय संपूर्ण विश्व को करा रहा है। आज पूरी दुनिया ने हमारी प्राचीन संस्कृति के मूल आधार "योग" को अपनाया है और इसका महत्व समझा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार उत्तराखंड के विकास हेतु हर वह जरूरी निर्णय ले रही है जो हमारे राज्य को आगे ले जाएगा।



**मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए सूर्योदय सेवा समिति के पदाधिकारी ।**

उन्होंने कहा कि समान नागरिक संहिता के लिये समिति का गठन किया, समिति द्वारा जल्द ही फाइनल ड्राफ्ट बनाकर पूरा कर लिया जाएगा। हमारे राज्य के साथ ही देश के अन्य राज्य भी अब समान नागरिकता संहिता पर कार्य कर रहे हैं। भ्रष्टाचार पर रोक के लिए 1064 टोल फ्री नंबर जारी किया गया है। इस दौरान जिलाधिकारी नरेंद्र सिंह भंडारी, पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पींचा, भाजपा जिलाध्यक्ष निर्मल महरा, प्रदेश मंत्री हेमा जोशी, पालिकाध्यक्ष विपिन वर्मा, लीलाधर पांडेय, देवीदत्त जोशी, डॉ. विक्रम सिंह, डॉ नवदीप जोशी एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# रद्द होगी नैक मूल्यांकन न कराने वाले महाविद्यालयों की मान्यता

### प्राचार्य के खिलाफ होगी कार्रवाई

**देहरादून ।** प्रदेश के समस्त महाविद्यालयों को नैक मूल्यांकन अनिवार्य रूप से कराना होगा, इसके लिए सभी राजकीय एवं अशासकीय अनुदानित महाविद्यालयों को मार्च 2023 तक का समय दिया गया है। ऐसा न करने वाले महाविद्यालयों की मान्यता रद्द कर दी जाएगी। वहीं संबंधित प्राचार्य के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

यह कहना है उच्च शिक्षा मंत्री ड.धन सिंह रावत का। मंत्री ने सचिवालय में विभागीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को इसके निर्देश दिए। उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि गुणवत्तापरक शिक्षा के लिए महाविद्यालयों को कम से कम 180 दिन कक्षाएं चलानी होंगी।



राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप महाविद्यालयों में ग्रीन कैंपस, तंबाकू मुक्त कैंपस बनाने के लिए समितियों का गठन करने के साथ ही एनसीसी, एनएसएस एवं रोवर रेंजर की इकाई स्थापित की जाएंगी। इसके साथ ही छात्र-छात्राओं की डिजीटल हेल्थ आईडी बनेगी और उनके ब्लड ग्रुप की जांच महाविद्यालय स्तर पर की जाएगी।

मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद के सहयोग से दिसंबर में विभिन्न जिलों में पांच सेमिनार आयोजित किए जाएंगे। जहां नैक मूल्यांकन के लिए आवश्यक जानकारी दी जाएगी ताकि नैक मूल्यांकन में महाविद्यालयों को सहूलियत हो सके। बैठक में विभागीय मंत्री ने राजकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों को एंटी ड्रग्स सेल का गठन करने के साथ ही महाविद्यालयों में एनएसएस, एनसीसी एवं रोवर्स रेंजर की इकाईयां स्थापित करने व शिक्षकों एवं कार्मिकों के साथ ही छात्र-छात्राओं की भी बायोमैट्रिक उपस्थिति लिए जाने के निर्देश दिए।

इसके अलावा उन्होंने समस्त महाविद्यालयों के प्राचार्यों से टीबी मुक्त उत्तराखंड अभियान से जुड़ कर एक-एक टीबी मरीज गोद लेने, छात्र-छात्राओं की डिजीटल हेल्थ आईडी बनाने, प्रत्येक छात्र-छात्राओं के ब्लड ग्रुप की पहचान करने व स्वैच्छिक रक्तदान के लिए पंजीकरण कराने को कहा।

बैठक में निर्णय लिया कि सभी राजकीय महाविद्यालयों में 4-जी कनेक्टीविटी के लिए संबंधित प्राचार्य किसी भी नेटवर्क कंपनी से उपलब्धता के आधार पर कनेक्शन ले सकते हैं। जिसका भुगतान मासिक या वार्षिक आधार पर छात्र निधि से प्राप्त धनराशि से किया जा सकता है।

बैठक में सचिव उच्च शिक्षा शैलेश बगोली, अपर सचिव प्रशांत आर्य, सलाहकार रूसा प्रो. एमएसएम रावत, प्रो केडी पुरोहित, निदेशक उच्च शिक्षा प्रो.प्रवीन जोशी, संयुक्त निदेशक प्रो.एएस उनियाल के साथ ही 21 अशासकीय अनुदानित महाविद्यालयों के प्राचार्य उपस्थित रहे जबकि राजकीय महाविद्यालयों के प्राचार्य वर्चुअल माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

## सीजीएसटी आयुक्त कार्यालय ने किया बड़ा खुलासा, तीन करोड़ से अधिक की जीएसटी चोरी पकड़ी

**देहरादून।** देहरादून जिले में बड़े सरकारी उपक्रमों को सेवाएं दे रही उज्वल श्रम संविदा सहकारी समिति लिमिटेड ने तीन करोड़ से अधिक की जीएसटी नहीं दिया। केंद्रीय माल एवं सेवा कर (सीजीएसटी) आयुक्त कार्यालय ने जीएसटी की इस चोरी का बड़ा खुलासा किया है। सीजीएसटी आयुक्त दीपांकर ऐरन ने बताया कि जीएसटी चोरी करने वाले व्यापारियों और फर्मों के बारे में गोपनीय जानकारी जुटाई जा रही है। उज्वल श्रम संविदा सहकारी समिति लिमिटेड ने एफआरआई, वन प्रभाग देहरादून, राजाजी राष्ट्रीय उद्यान, वन प्रभाग हल्द्वानी, भारतीय रिमोट सेंसिंग संस्थान, बीएसएनएल, मृदा संरक्षण संस्थान में मानव संसाधन और वर्क कांटेक्ट की सेवाएं दी जाती है।समिति ने उक्त उपक्रमों से 2024 करोड़ की राशि प्राप्त की, लेकिन इस पर देय जीएसटी का भुगतान नहीं किया। गोपनीय सूचनाओं के आधार पर समिति की जांच की गई। सीजीएसटी की टीम ने समिति के अध्यक्ष शैलेश वर्मा के आवासों से दस्तावेज जब्त किए, जिसमें तीन करोड़ से अधिक की जीएसटी चोरी पकड़ी गई।

## बांग्लादेश के गृह मंत्री से मिले शाह, अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हमलों का मुद्दा उठाया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को अपने बांग्लादेशी समकक्ष असदुज्जमां खान से मुलाकात की। इस दौरान शाह ने पड़ोसी देश में अल्पसंख्यकों और मंदिरों पर हमलों का मुद्दा उठाया। उन्होंने बांग्लादेशी मंत्री के साथ सीमा प्रबंधन और सामान्य सुरक्षा संबंधी मुद्दों पर भी चर्चा की। सूत्रों ने यह जानकारी दी है।

आधिकारिक सूत्रों के ने बताया कि शाह ने खान के साथ बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों और मंदिरों पर हमलों का मुद्दा उठाया। गृह मंत्रालय ने एक ट्वीट में कहा, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने श्नो मनी फर टेररश सम्मेलन के मौके पर बांग्लादेश के गृहमंत्री असदुज्जमां कान से मुलाकात की। दोनों पक्षों ने सीमा प्रबंधन और सामान्य सुरक्षा संबंधी मुद्दों पर चर्चा की है।

खान यहां गृह मंत्रालय द्वारा आयोजित मंत्रिस्तरीय तीसरे श्नो मनी फर टेररश सम्मेलन में हिस्सा लेने आए हैं। यह दो दिवसीय सम्मेलन है। शुक्रवार को इस सम्मेलन में 75 से ज्यादा देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के 450 प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। इससे पहले शाह ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि आतंकवाद वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिए सबसे गंभीर खतरा है, लेकिन आतंक के लिए वित्त पोषण (टेरर फाइनेंसिंग) उससे भी ज्यादा खतरनाक है। उन्होंने कहा कि कट्टरपंथी सामग्री फैलाने के लिए आतंकवादी डार्कनेट का इस्तेमाल कर रहे हैं। इससे क्रिप्टोकरंसी के उपयोग में वृद्धि देखी गई है। शाह ने कहा कि डार्कटनेट पैटर्न का समाधान ढूंढने की आवश्यकता है।

# गौचर मेले में उमड़ी रही लोगों की भीड़, सेल्फी प्वांइट बना आकर्षण का केंद्र



गौचर मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देते हुए कलाकार।

### साहसिक खेल प्रेमी उठा रहे लुफ्त



अलकनन्दा नदी में साहसिक खेल प्रेमी रिवर राफ्टिंग करते हुए।

गौचर मेले में साहसिक खेल प्रेमियों के लिए इस बार रिवर राफ्टिंग, रिवर क्रॉसिंग, कायाकिंग, प्लाइंग फॉक्स, वर्माब्रीज, जैसे एडवेंचर गेम्स रखे गए है। गौचर में अलकनंदा नदी पर रानौ ब्रीज से सेरा तक लगभग तीन किलोमीटर के पैच पर रिवर राफ्टिंग प्रतियोगिता चल रही है। हवाई पट्टी के निकट बदंरखंड में फ्लाइंग फॉक्स, वर्माब्रिज एडवेंचर एक्टिविटी का भी साहसिक खेल प्रेमी जमकर लुफ्त उठा रहे है।

### दर्शक फन गेम्स का ले रहे आनन्द



गौचर मेले में दर्शक फन गेम्स का भी खूब आनंद उठा रहे है। मेला मैदान में फन गेम्स के तहत पुरूष व महिला वर्ग में जलेबी दौड, रस्सीकूद, बोरा दौड़, चम्मच दौड़ प्रतियोगिता ने मेलार्थियों का खूब मनोरंजन किया। फन गेम्स में शनिवार को गुब्बारा और रविवार को तीन टांग दौड होगी। खेल प्रतियोगिताओं के तहत शुक्रवार को फुटबॉल व वालीबॉल प्रतियोगिताओं के सेमी फाइनल मैच भी खेले जा रहे है। वही बैडमिन्टन और युवक मंगल दलों की कबड्डी प्रतियोगिता हो रही। मेलार्थियों के लिए भी मेले में प्रतिभाग करने का पूरा मौका मिले इसका विशेष ध्यान रखा गया है।

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : राज्य स्तरीय गौचर मेला इस बार अपने बहुआयामी अंदाज में छठा बिखेर रहा है। गौचर मेला इन दिनों अपने पूरे यौवन पर है। ज्यों ज्यों मेला आगे बढ़ता जा रहा है, मेलार्थियों की भारी भीड़ उमड़ रही है। मेले में पारंपरिक पहाड़ी शैली में बना पांडाल व सेल्फी प्वांइट भी लोगों के बीच आकर्षण का केन्द्र बने हुए है।

मेलार्थी जहां एक ओर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भरपूर आनंद ले रहे है वहीं मेले में लगे स्टॉलों पर भी जमकर खरीदारी हो रही है। जिला प्रशासन के प्रयासों से महिलाएं, बुर्जुग एवं युवा सभी गौचर मेले का आनंद उठा रहे है, लेकिन इस बार गौचर मेला बच्चों के लिए खासा आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। मेले में ऊंट की सवारी, तरह तरह के झूले, चरखी व किड्स जोन में बच्चे खूब आनंद ले रहे है। प्रशासन ने बच्चों को खेलने के लिए मिक्की माउस, टम्पोलिन, जिकजैक स्लाइडर, फिसल पट्टी, गुब्बारे एवं तमाम तरह के खिलौने रखे है, जिसका बच्चे भरपूर आनंद ले रहे है। मेले में ऊंट की सवारी करने को भी बच्चे खासे उत्साहित दिख रहे है और हर कोई एक बार ऊंट की सवारी करना चाह रहा है। गौचर मेले के कटआउट के साथ बने सेल्फी प्वांइट पर तस्वीरें खींचाने के लिए दिनभर लोगों का हुजूम उमड रहा है।

# ब्लाक प्रमुख ने किया 4 लाख से बनने वाले संपर्क मार्ग का शिलान्यास



नई टिहरी : ब्लाक प्रतापनगर की पट्टी रौणद रमोली के ग्राम पंचायत भरपूर में संपर्क मार्ग के शिलान्यास के अवसर पर भैरव मंदिर में आयोजित एक दिवसीय अखंड पाठ यज्ञ मे शामिल होने भैरव मंदिर भरपूर पहुंचे ब्लाक प्रमुख प्रदीप रमोला ने मंदिर मे विधिवत पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र पंचायत की सदस्य आरती देवी के प्रस्ताव पर मंदिर स्थल के लिए मनरेगा के तहत स्वीकृत 4 लाख रूपये के पैदल संपर्क का शिलान्यास भी किया। उन्होंने कहा की धार्मिक स्थलों के आंतरिक एंव वाहय पैदल संपर्क मार्गों के निर्माण कार्यों मे किसी भी प्रकार की धन की कमी आड़े नहीं आने दी जायेगी। कली कुंवर मंदिर समिति के केदार सिह कलूडा ने मंदिर के नव निर्माण एंव मंदिर स्थल के विकास में ब्लाक प्रमुख प्रदीप रमोला एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य आरती देवी के सहयोग की सराहना की। इस मौके पर ममता देवी, संदीप कलूडा, ओम प्रकाश कलूडा, सुखदेव कलूडा, भाग सिह, भूपेंद्र कलूडा, आदि मौजूद रहे। (एजेन्सी)

## चेकिंग अभियान में 23 वाहनों के चालान

ऋषिकेश। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ संभागीय परिवहन विभाग ने क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान 23 वाहनों के चालान किए गए। इस दौरान वाहन चालकों और लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक भी किया गया। शुक्रवार को परिवहन कर अधिकारी अनिल कुमार भारती ने ग्रामीण क्षेत्रों में नेशनल हाईवे और अन्य मार्गों पर चेकिंग अभियान चलाया। उन्होंने नियम का पालन नहीं करने पर मालवाहक और ओवरलोडिंग पर सवारी वाहनों के चालान किए। उन्होंने बताया कि 23 वाहनों के चालान किए गए। गुमानीवाला, छिद्दरवाला, श्यामपुर, लालतप्पड़ और आसपास के इलाकों में चेकिंग की गई।

# समाजसेवी शिवानी हुई श्रवण कुमारी खिताब से सम्मानित



ऋषिकेश। ओम ब्रह्म शांति सेवा संस्थान ने बुजुर्गों की सेवा करने पर समाजसेवी शिवानी को श्रवण कुमारी खिताब देकर सम्मानित किया। साथ ही आईडीपीएल क्षेत्र में आंगनबाड़ी में पढ़ने वाले बच्चों को गर्म वस्त्र वितरित किए।

शुक्रवार को ओम ब्रह्म शांति सेवा संस्थान ने आईडीपीएल के नेहरू पार्क में सम्मान समारोह आयोजित किया।

समारोह का शुभारंभ मेयर अनिता ममगाईं और एम्स के प्रोफेसर डॉ. बृजेंद्र सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मेयर अनिता ममगाईं ने कहा कि संस्थान द्वारा लोगों को शांति और सदाचार का रास्ता दिखाया जा रहा है। इसके अलावा संस्थान विभिन्न क्षेत्रों में सामाजिक कार्य कर रहा है, जो सराहनीय है। डॉ. बृजेंद्र सिंह ने भी संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में समाजसेवी शिवानी को बुजुर्गों की अत्यधिक सेवा के लिए श्रवण कुमारी खिताब दिया गया। साथ ही आईडीपीएल क्षेत्र की आंगनबाड़ियों में पढ़ने वाले बच्चों को गर्म वस्त्र वितरित किए गए। इस मौके पर आयुर्वेदाचार्य डॉ. डीके श्रीवास्तव, डॉ. विनय कुड़ियाल, सुधीर कुमार, आईडीपीएल चौकी प्रभारी चिंतामणि, मयंक सक्सेना, सतीश सक्सेना, सुरेश श्रीवास्तव, पवन गुप्ता, प्रेम बाला, पार्षद सुंदरी कंडवाल, मधु गुप्ता, बीना सक्सेना, रुकमणि, प्रेम बाला, मनोज श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, सरोजिनी लाल, सुभाष माथुर उपस्थित रहे।

## एक नजर

### जमीन की धोखाधड़ी के मामले में नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

विकासनगर। जमीन के फर्जी दस्तावेज तैयार कर एक ग्रामीण की जमीन का सब रजिस्टार कार्यालय विकासनगर में अनुबंध पत्र तैयार कर बेचने के मामला सामने आया है। कोतवाली पुलिस ने नौ लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है। आरोपियों पर फर्जी व कूटरचित दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी का आरोप है। मुख्तार अहमद पुत्र जान निवासी व्यासनहरी कालसी ने कोतवाली पुलिस को धोखाधड़ी के संबंध में एक तहरीर दी। तहरीर में बताया कि नवाबगढ़ के सात लोगों सहित नौ लोगों ने उनकी नवाबगढ़ स्थित जमीन के फर्जी दस्तावेज तैयार कर सब रजिस्टार कार्यालय में विक्रय पत्र तैयार कर उनकी जमीन बेच डाली है। इस मामले में जांच करने के बाद कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को सत्तार, जब्बार, अब्दुल, गफ्फार, जाकिर, अब्बास, अब्दुल बहाव निवासीगण नवाबगढ़, बैंकट पुंडीर निवासी जीएमस रोड देहरादून और तेजाराज पटवा निवासी इंदिरा नगर के खरिलाफ विभिन्न आपराधिक धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाल शंकर सिंह बिष्ट ने बताया कि मामले की जांच एसआई पंकज कुमार को सौंपी गयी है।

### बदहाल सड़कों के सुधरने में लगेगा अभी और वक्त

ऋषिकेश। विधानसभा क्षेत्र में शहर और ग्रामीण इलाकों में सड़कों के साथ छोटे पुलों के निर्माण के 39 प्रस्ताव एक साल तक तो पास नहीं हुए और अब उन्हें पीडब्ल्यूडी की ऋषिकेश डिविजन को शासन ने लौटा दिया है। अब नए शेड्यूल ऑफ रेट (एसओआर) दरों के तहत विभागीय अधिकारियों को दोबारा से यह प्रस्ताव शासन को भेजने होंगे। ग्रामीण क्षेत्र में कई सड़कों की हालत बद से बदतर है, तो शहर में भी कुछ सड़कों की हालात खस्ता बनी हुई है। पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने वर्ष 2021 की शुरुआत में राज्य योजना के अंतर्गत 48 करोड़ रुपये से अधिक के करीब 39 प्रस्ताव शासन को भेज थे। इसी महीने शासन ने यह सभी प्रस्ताव डिविजन कार्यालय को लौटा दिए हैं।

# रेशमा शाह के गीतों का जादू लोगों के सिर चढ़कर बोला



विकासनगर। दिनकर विहार सुधार समिति की ओर से समिति ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में रेशमा शाह के गीतों का जादू लोगों के सिर चढ़ कर बोला। उन्होंने रंगारंग प्रस्तुतियां देकर समा बांधा। समिति की ओर से हंस कल्चरल फाउंडेशन के भोले जी महाराज और माता मंगला के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर डॉ. अनुज सिंघल और डॉ. गरिमा भट्ट को सम्मानित किया गया।

सम्मान समारोह के बाद रेशमा शाह की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां शुरू हुईं। महासू वंदना से शुरू प्रस्तुतियों को उन्होंने गजमूला मामा तक पहुंचाया। वंदना के बाद उन्होंने अपने सुपर हिट गीत जमुना को पाणी, अगलाड़ की माछी... पर पांडाल में मौजूद लोगों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। इसके बाद उन्होंने चांदना की चौकी..., ओई मामा..., मोना लठ्याली..., ले भुजी जाला चूड़ा..., टिक्लू मामा..., देवर का बाजार...जैसे गीतों की प्रस्तुतियों पर खूब वाहवाही लूटी। श्रोताओं की मांग पर उन्होंने फुरकी निर्मला..., डांडे की कुरेड़ी..., बचनू मामा..., देहरादून का मेला और गजमूला मामा... की शानदार प्रस्तुतियों से पांडाल में बैठे सभी लोगों को देर तक मंत्रमुग्ध किया।

# एम्स ऋषिकेश में हुआ वर्ल्ड एंटीबायोटिक जनजागरूकता सप्ताह 'वॉव 2022' का शुभारंभ



ऋषिकेश। एम्स ऋषिकेश में वर्ल्ड एंटीबायोटिक जनजागरूकता सप्ताह 'वॉव 2022' की शुरुआत हुई। वक्तओं ने एंटीबायोटिक दवाओं के उपयोग और इनसे होने वाले प्रभावों की जानकारी के लिए राष्ट्रीय स्तर पर नीति बनाए जाने पर जोर दिया।

शुक्रवार को डिपार्टमेंट ऑफ मेडिसिन और नर्सिंग विभाग के तत्वावधान में ह्यवॉव 2022 का शुभारंभ एम्स की कार्यकारी निदेशक प्रोफेसर डॉ. मीनू सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि ज्यादा उपयोग से मनुष्य के शरीर में एंटीबायोटिक दवाओं का प्रभाव कम हो रहा है। इसलिए इन दवाओं के उपयोग और उससे पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों के बारे में हेल्थ केयर वर्करों, मरीजों, तीमारदारों और अन्य लोगों को विस्तृत जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने इसके लिए राष्ट्रीय स्तर पर एक नीति तैयार करने की जरुरत बताई। कार्यवाहक संकायाध्यक्ष अकादमिक प्रो. एसके हांडू ने इस तरह के जनजागरूकता कार्यक्रमों को वर्षभर संचालित किए जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि एंटीबायोटिक दवाओं के इस्तेमाल के दौरान सावधानी बरती जानी चाहिए। जनरल मेडिसिन विभागाध्यक्ष प्रो. मीनाक्षी धर ने कहा कि अत्यधिक दवाओं का उपयोग हमेशा हानिकारक होता है, खासतौर से एंटीबायोटिक दवाओं का रोगों के निदान के लिए विशेष सावधानियों के साथ उपयोग किया जाना चाहिए। कार्यक्रम के आयोजन सचिव डॉ. पीके पंडा ने कहा कि हेल्थ केयर वर्कर एंटीबायोटिक दवाओं के प्रतिरोध को कम करने में विशेष भूमिका निभा सकते हैं। आम जनमानस की रक्षा के लिए उन्होंने एंटीबायोटिक के दुरुपयोग को कम करने के लिए जागरूकता लाने की बात कही।

# चम्पावत में राज्य के "प्रथम सीमांत पर्वतीय जनपद बाल विज्ञान महोत्सव 2022" का आयोजन

देहरादून। प्रदेश के सीमांत, दूरस्थ एवं दुर्गम क्षेत्र के बच्चों में वैज्ञानिक चेतना विकसित करने के साथ–साथ वैज्ञानिक अवधारणा को पुष्ट करने हेतु मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर विकासखंड और जनपद स्तर पर कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं के समापनार्थ निर्णायक समारोह, प्रथम राज्य स्तरीय सीमांत पर्वतीय जनपद बाल विज्ञान महोत्सव 2022 के रूप में दिनांक 19 और 20, नवंबर 2022 को चम्पावत में जवाहर नवोदय विद्यालय में होगा, इस बाल विज्ञान महोत्सव को उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (यूकास्ट) आयोजन कर रहा है, सहभागी के रूप में जिला प्रशासन चम्पावत भी है , ऐसा कहना है यूकॉस्ट के महानिदेशक प्रो. दुर्गेश पंत का।

प्रो. दुर्गेश पंत ने बताया कि राज्य के 06 सीमांत जनपद उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर, चम्पावत और पिथौरागढ़ के लगभग 250 स्कूली बच्चे पिछले कुछ हफ्तों में चयनित हुए हैं, जो इस बाल विज्ञान महोत्सव में प्रतिभाग करेंगे। इस दो दिवसीय महोत्सव का मूल उद्देश्य राज्य के दूरस्थ विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं को पारम्परिक ज्ञान के प्रति संवेदनशील बनाते हुए उनमें वैज्ञानिक सोच का विकास करना और आधुनिक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी का राज्य मे वृहद लोकव्यापीकरण करना है। इस महोत्सव का उद्घाटन 19 नवम्बर 2022 को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी करेंगे और समापन 20 नवम्बर 2022 को बच्चों को पुरस्कृत करके महामहिम राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (से.नि.) गुरमीत सिंह जी करेंगे।यूकॉस्ट के प्रबंधक जनसम्पर्क अमित पोखरियाल ने बताया कि इस अनोखे बाल विज्ञान महोत्सव में प्रतिभागियों को विज्ञान प्रदर्शनी, वैज्ञानिक कार्यशाला, दूरबीन के माध्यम से आकाश अवलोकन, तारामंडल शो, विज्ञान फिल्म शो आदि के माध्यम से आमंत्रित वैज्ञानिकों के साथ चर्चा करने, उनके व्याख्यान सुनकर उनसे मार्गदर्शन लेने का अवसर भी प्राप्त होगा। महोत्सव में जूनियर वर्ग कक्षा 6 से 8 तक एवं सीनियर वर्ग कक्षा 9 से 12 तक के छात्र– छात्राओं के लिए पोस्टर प्रतियोगिता (स्थानीय पारंपरिक ज्ञान प्रणाली), नाटक (पर्यावरण संरक्षण जागरूकता) विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, कविता पाठन (हिन्दी एवं स्थानीय भाषा), कविता पाठन अंग्रेजी का आयोजन किया जा रहा है। देशभर से कई वरिष्ठ वैज्ञानिक, विशेषज्ञ और चिंतक इस महोत्सव में प्रतिभाग कर रहे हैं। महोत्सव में उपस्थित छात्र–छात्राएं तथा शिक्षक– शिक्षिकायें उन सम्मानित विशेषज्ञों के साथ संवाद और मार्गदर्शन के लिए इस सुनहरे अवसर का लाभ उठा सकते हैं।

# मेहनत का मिला इनाम, विजय कर्नाटक को बेस्ट फैकल्टी अवार्ड 2022 से पुरष्कृत किया



विकासनगर। ऋषिकेश निवासी विजय कर्नाटक को देहरादून स्थित तुलाज इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रांगण में ग्लोबल एजुकेशन एंड कॉर्पोरेट लीडरशिप और तुलाज इंजीनियरिंग कॉलेज ने संयुक्त रुप से श्री प्रेमचंद अग्रवाल जी , वित्त & शहरी विकास मंत्री उत्तराखंड सरकार द्वारा बेस्ट फेकल्टी अवार्ड 2022 से नवाजा है। उनको यह अवार्ड शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश में उतकृष्ट कार्य करने पर दिया गया है। इसके पूर्व भी उन्हें अनेक अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा सम्मानित किया जा चुका है । विजय कर्नाटक लगभग 5 वर्ष से शिक्षा एवं शोध के क्षेत्र में कार्यरत है। विजय कर्नाटक वर्तमान में रुड़की स्थित यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नॉलॉजी में कंप्यूटर साइंस के असिस्टेंट प्रोफेसर हैं तथा सामाजिक गतिविधियों में बढ़–चढ़कर भाग लेते है । हाल ही में विजय कर्नाटक की पत्नी गरिमा पांडे को भी अमर उजाला द्वारा टीचर ऑफ द ईयर – 2022 से नवाजा जा चुका है।

# सत्ता में बैठे लोग संविधान को रौंदने का काम कर रहेः प्रीतम सिंह



विकासनगर। चकराता विधानसभा के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व नेता प्रतिपक्ष और विधायक प्रीतम सिंह के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा निकाली। कालसी से हरिपुर तक निकाली गई यात्रा में सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। यात्रा के बाद विधायक ने क्षेत्र में जन संपर्क भी किया। शुक्रवार को हरिपुर पहुंचने पर यात्रा को सभा में तब्दील कर दिया गया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधायक प्रीतम सिंह ने कहा कि सत्ता में बैठे लोग देश के संविधान को रौंदने का काम कर रहे हैं। संवैधानिक संस्थानों का अपने फायदे के लिए उपयोग किया जा रहा है। लोकतंत्र को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है। पूरे देश में जनता के बीच आपसी कटुता का माहौल पैदा कर धार्मिक उन्माद फैलाया जा रहा है। जबकि जनता के सामने महंगाई, बेरोजगारी की समस्या चरम पर है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार मूल समस्याओं से जनता का ध्यान बंटाने के लिए बेवजह के मसलों को तूल दे रही है।

## जमीन धोखाधड़ी में फरार आरोपी गिरफ्तार

देहरादून। जमीन धोखाधड़ी के केस में फरार चल रहे आरोपी को प्रेमनगर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

थानाध्यक्ष प्रदीप बिष्ट ने बताया कि 16 अप्रैल 2020 को नदीम निवासी चांद कॉलोनी रेहमानी चौक सहारनपुर की तहरीर पर रजा उर रहमान, शबाब आलम उर्फ आलम, उस्मान खान उर्फ उस्मान, कलीम अहमद, तारीक और आजम के खिलाफ जमीन धोखाधड़ी को लेकर केस दर्ज किया गया। मामले में फरार नजीर अहमद उर्फ सैफी निवासी सराय अहमद मोहल्ला थाना मंडी सहारनपुर को चिलकाना सहारनपुर से गिरफ्तार किया गया है।

# वित्तीय वर्ष 2022—23 हेतु आवंटित बजट व्यय के सम्बन्ध में हुई बैठक

देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने शुक्रवार को सचिवालय में वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए सभी विभागों को आवंटित बजट व्यय के सम्बन्ध में बैठक ली। मुख्य सचिव ने विभागों द्वारा खर्च की मॉनिटरिंग के लिए परफोर्मा तैयार करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इसकी लगातार मॉनिटरिंग हो सके इसके लिए पाक्षिक रिपोर्ट विभागों द्वारा इस परफोर्मा में ली जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि सभी विभाग आवंटित बजट को 31 मार्च, 2023 तक 100 प्रतिशत खर्च करने को लेकर कार्ययोजना तैयार कर लें। उन्होंने कहा कि विभागों की पुरानी देयताओं अथवा अच्छे प्रस्ताव आने पर पूर्व में स्वीकृत बजट से अधिक भी स्वीकार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समय बचाने के लिए विभागों द्वारा जो काम होने ही होने हैं, उनके टेंडर लगा लिए जाएं, कहा कि प्रोजेक्ट सेंक्शन होने उपरान्त ही अवार्ड किए जाएंगे। उन्होंने सभी सचिवों को अपने विभाग के प्रस्तावों की लगातार मॉनिटरिंग करने के भी निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि प्रस्तावों में देरी न हो इसके लिए प्रस्ताव से पूर्व सभी प्रकार की औपचारिकताओं को पूर्ण कर लिया जाए। उन्होंने कृषि, पशुपालन, मत्स्य एवं उद्यान विभाग को अपनी सभी प्रकार की छोटी–बड़ी योजनाओं पर विशेष फोकस करने के निर्देश दिए। कहा कि इन विभागों की छोटी–बड़ी योजनाएं रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने में सबसे ज्यादा उपयोगी हैं। मुख्य सचिव ने नाबार्ड से सम्बन्धित योजनाओं के लिए भी सभी विभागों को प्रस्ताव शीघ्र भेजे जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वीकृति हेतु प्रस्तावों को अनावश्यक रूप से अपने उच्चस्थ अधिकारियों को फॉवर्ड करने की टेंडेंसी को समाप्त करने की आवश्यकता है।

## तेज रफ्तार बाइक ने न्यायाधीश को मारी टक्कर

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत बालासौड़ में एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने फैमली कोर्ट के न्यायाधीश सुरजीत कुमार को टक्कर मार दी। घायल न्यायाधीश को उपचार के लिए राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार में भर्ती करवाया गया है। सिम्मलचौड़ स्थित फैमली कोर्ट के न्यायाधीश सुरजीत कुमार गुरुवार देर शाम घर के समीप बालासौड़ रोड में टहल रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार में आई एक मोटरसाइकिल ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही न्यायाधीश सड़क पर गिर गए। आसपास मौजूद लोगों ने न्यायाधीश को राजकीय बेस चिकित्सालय में पहुंचाया। चिकित्सकों ने बताया कि मोटरसाइकिल की टक्कर लगने से न्यायाधीश के पैर पर चोट आई हुई है। इधर, पुलिस ने न्यायाधीश को टक्कर मारने वाले मोटरसाइकिल चालक को अपनी हिरासत में ले लिया है।

# शीत ऋतु की आहट, अप्रवासी पक्षियों से गुलजार वन प्रभाग

**◆लैंसडौन वन प्रभाग के जंगलों में बढ़ने लगी है अप्रवासी पक्षियों की दस्तक**

**◆अन्य वर्षों के मुकाबले इस वर्ष अधिक संख्या में पहुंच रहे पक्षी**

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** शीत ऋतु की आहट के साथ ही लैंसडौन वन प्रभाग के जंगल अप्रवासीय पक्षियों से गुलजार होने लगे हैं। अन्य वर्षों के मुकाबले इस वर्ष काफी संख्या में अप्रवासी पक्षी वन प्रभाग में अपनी दस्तक दे रहे हैं। ऐसे में पक्षी के दीदार के शौकीन लोगों के लिए यह एक खुशखबरी है।

लैंसडौन वन प्रभाग क्षेत्र में बारटेल्ड ट्री कीपर, ब्राउन फिश आउल, विंग्ड फ्लाई कैचर स्त्राइक, पलाश फिश ईगल जैसे कई अन्य प्रवासी परिंदों नें चहचहाना शुरू कर दिया है। हिमालय के ऊपरी हिस्सों में बढ़ रही ठंड के चलते विभिन्न प्रजाति के पक्षी लैंसडौन वन प्रभाग को अपना अस्थायी प्रवास बना रहे हैं। नतीजा, प्रभाग के जंगलों में अलग–अलग रंग–रूप के परिंदों के दीदार हो रहे हैं।

### इन पक्षियों का आना अभी है बाकी

ब्लैक स्ट्रोक, मलार्ड, नार्दन शॉवलर, स्नोई ब्राउड फ्लाई कैचर, चेस्टनट हेडेड तिसिया, ग्रीन टेल सन वर्ड, लांग बिल्ड थ्रस, रुबी थ्राट, मरगेंजर, वाब्लर्स सहित कई पक्षी भी जल्द ही प्रभाग के जंगलों में नजर आएंगे।

### इन पक्षियों के हो रहे दीदार

प्रभाग के जंगलों में रेड बिल्ड लियोथ्रेक्स, स्लेटी ब्लू फ्लाई कैचर, ग्रे–बिल्ड टिसिया, हिमायलन रूबी थ्रोट, ब्राउन डिपर, रूफस जार्जेट फ्लाईकैचर, ग्रे हेडेड केनरी फ्लाई कैचर, ब्राउन हैडेड बारबेट, स्पॉटेड फ्रॉकटेल, ग्रेट हार्नबिल्स, ओरिएंटल पाइड हार्नबिल्स, किंगफिशर की छह प्रजातियां, फिश ईगल, पलाश ईगल, इंडियन स्कोप्स ऑउल, सन वर्ड, नटहैच सहित सैकड़ों अन्य पक्षियों की प्रजातियां आसानी से देखी जा रही हैं।



लैंसडौन वन प्रभाग में पहुंचने वाले पक्षी।

### देश–विदेश से पहुंचते हैं पक्षी प्रेमी

अन्य स्थानों पर जहां पक्षियों के दीदार मौसम पर निर्भर है, लैंसडौन वन प्रभाग के जंगलों में वर्ष भर पक्षियों का दीदार होता है। यही कारण है कि लैंसडौन वन प्रभाग में की कोटद्वार, कोटड़ी व दुगड्डा रेंज में पक्षियों के दीदार को देश-विदेश से पक्षी प्रेमी पहुंचते हैं।

## डीएम ने किया निर्माणाधीन हण्टर हाऊस का निरीक्षण



जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान निर्माणाधीन हण्टर हाऊस के बारे में जानकारी लते हुए।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी :** जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने पौड़ी विकासखंड के गडोली में निर्माणाधीन हण्टर हाऊस का भौतिक निरीक्षण करते हुए कार्य की प्रगति और गुणवत्ता जांची।जिलाधिकारी ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर संतुष्टी जताई। उन्होंने कार्यदायी संस्था और संबंधित कन्टैक्ट्रर को पूर्व में निर्धारित एग्रीमेंट व डीपीआर के अनुरूप निर्माण कार्य को तेजी से पूरा करने को कहा। उन्होंने अगले तीन-चार माह में निर्माण कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिये। इस दौरान कन्ट्रैक्टर सुरेश सचदेवा, स्थानीय नागरिक अनील चॉफिन, जॉय हुकील, हर्ष सिंह सहित संबंधित लोग उपस्थित थे।

# एनएसयूआई ने किया प्राचार्य का घेराव

**उत्तर पुस्तिका जांच के लिए शुल्क वसूलने का किया विरोध**

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वारः** कंम अंक पाने वाले छात्रों की उत्तर पुस्तिका के दोबारा जांच के लिए शुल्क वसूलने का एनएसयूआई ने विरोध किया है।

कार्यकर्ताओं ने महाविद्यालय की प्राचार्य का घेराव करते हुए निर्णय को वापस लेने की मांग की है। कहा कि छात्र हितों की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

शुक्रवार को को कार्यकर्त्ताओं ने राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में प्राचार्य डा.जानकी पंवार का घेराव किया। उन्होंने कहा कि अगस्त माह में बीए, बीकाम व बीएससी की परीक्षा आयोजित की गई थी। कुछ दिन पूर्व जारी हुए परीक्षा परिणाम में अधिकांश विद्यार्थियों को फेल किया गया है।

ऐसे में जब विद्याथियों ने अपने हक की आवाज उठाई तो श्री देव सुमन विश्वविद्यालय उत्तर पुस्तिका जांच के नाम एक विषय के तीन सौ रुपये वसूल रहा है। यहीं नहीं, पुस्तिका जांच के लिए विद्यार्थियों को स्वयं ही टिहरी स्थित श्री देव सुमन विश्वविद्यालय में जाना होगा। विश्व विद्यालय का यह निर्णय छात्र हित में नहीं है।

यही नहीं महाविद्यालय भी इस मामले में चुप्पी साधे हुए है। कहा कि महाविद्यालय के छात्रों का उत्पीड़न किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मौके पर यूथ कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष विजय रावत, हिमांशु बहुखंडी, मुदित गोयल, दमनदीप, अंकित थपलियाल, अतुल भारती, अभिषेक अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार के राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य का घेराव करते छात्र ।

## लैंसडौन पुलिस ने किया वारंटी को गिरफ्तार

**लैंसडौन :** पौड़ी जिले की लैंसडौन पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। जिले के पुलिस कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी गढ़वाल श्वेता चौबे द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को माननीय न्यायालय से जारी गैर जमानती वारण्टियों को गिरफ्तार करने के लिए अभियान चलाकर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में कोतवाली लैंसडौन पुलिस द्वारा माननीय न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोटद्वार से निर्गत गैर जमानती वारण्ट में वारण्टी अभियुक्त प्रवेन्द्र सिंह रावत पुत्र स्व. लक्ष्मण सिंह निवासी–पीडब्लूडी कालोनी लैंसडौन को शुक्रवार को गाँधी चौक लैंसडौन से गिरफ्तार किया गया। वारण्टी अभियुक्त प्रवेन्द्र सिंह रावत को आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर नियमानुसार माननीय न्यायालय में पेश किया जा रहा है। पुलिस टीम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक रियाज अहमद, कांस्टेबल आदित्य गिरी शामिल थे।

# दस पेटी अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार



कोटद्वार कोतवाली में पुलिस हिरासत में पकड़े गए शराब तस्कर

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः कोतवाली पुलिस ने दस पेटी अवैध शराब के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। युवक जिस आटो में शराब लेकर जा रहे थे पुलिस ने उसे भी सीज कर दिया है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह ने बताया कि शुक्रवार सुबह उन्हें सूचना मिली कि काशीरामपुर तल्ला क्षेत्र में दो युवक एक आटो में शराब की पेटियां लेकर घूम रहे हैं। मौके पर पहुंची पुलिस को ऑटो काशीरामपुर तल्ला गुल्लर झाला पुल के समीप घूमता हुआ दिखाई दिया। बताया कि पुलिस ने जब ऑटो को रोककर उसकी तलाशी ली तो उसके पीछे पेटियों में शराब की बोलते भरी हुई थी। आरोपितों की पहचान सिम्मलचौड़ निवासी सूरज व पदमपुर मोटाढांक निवासी वीरेंद्र कुमार के रूप में हुई है। आरोपितों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## सामूहिक कन्या विवाह 20 को

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः भारत विकास परिषद की ओर से 20 नवंबर को गाड़ीघाट स्थित एक बारातघर में सामूहिक कन्या विवाह समारोह का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान चार कन्याओं का सामूहिक विवाह संपन्न कराया जायेगा। प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष व स्थानीय विधायक ऋतु खंडूड़ी भूषण समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगी। यह जानकारी परिषद अध्यक्ष राकेश ऐरन ने दी।

## जनसंख्या शिक्षा पर शोध पत्र प्रस्तुत किया

श्रीनगर गढ़वाल : डायट चड़ीगांव पौड़ी के प्रवक्ता डॉ. नारायण प्रसाद उनियाल ने 15 से 17 नवंबर तक क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान अजमेर राजस्थान में जनसंख्या शिक्षा पर राष्ट्रीय संगोष्ठी में अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि संगोष्ठी में पूरे देश के 22 राज्यों से लगभग 100 शिक्षाविदों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। उसमें पूरे उत्तराखंड से एकमात्र प्रस्तुतीकरण उनका रहा। संगोष्ठी में जनसंख्या वृद्धि शिक्षा से संबंधित 8 उप शीर्षकों पर लगभग 100 पेपर प्रस्तुत किए गए। इसमें डायट पौड़ी के द्वारा कोविड-19 के दौरान बालिकाओं के स्वास्थ्य, सुरक्षा और स्वच्छता, उनके कैरियर व काउंसलिंग के साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं के संदर्भ में शोध पत्र प्रस्तुत किया गया। जिसकी विषय विशेषज्ञों ने सराहना की।

**(एजेन्सी)**

# अभाविप ने फूंका उच्च शिक्षा मंत्री का पुतला

**छात्र समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर जताया रोष**



कोटद्वार महाविद्यालय में उच्च शिक्षा मंत्री का पुतला दहन करते अभाविप सदस्य

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** छात्र संघ चुनाव समय पर नहीं करवाने सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थि परिषद ने उच्च शिक्षा मंत्री का पुतला दहन किया। कहा कि छात्र पिछले कई वर्षों से लगातार समस्याओं के निराकरण की मांग उठा रहे हैं। लेकिन, अब तक इस ओर ध्यान नहीं दिया गया।

शुक्रवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़े सदस्य राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्रवेश द्वार में एकत्रित हुए। यहां उन्होंने उच्च शिक्षा मंत्री के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया। छात्रों ने कहा कि महाविद्यालय में अब तक छात्र संघ चुनाव की तिथि घोषित नहीं की गई है। यही नहीं, छात्रों के लिए वार्षिक क्रीड़ा कलेंडर भी जारी नहीं किया गया है। श्री देव सुमन विश्व विद्यालय छात्रों के परीक्षा परिणाम को लेकर लगातार लापरवाही बरत रहा है। शिकायत के बाद भी विश्वविद्यालय अपनी मनमानी रोकने को तैयार नहीं है। छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। कहा कि यदि व्यवस्थाओं में सुधार नहीं किया गया तो अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद आंदोलन को मजबूर होगा। पुतला दहन करने वालों में जिला विस्तारक मृदुल भट्ट, जिला संयोजक तरुण ईष्टवाल, मयंक विश्नोई, अनुराग कंडवाल, शिवांशु शाह आदि मौजूद रहे।

## जीत के बाद छात्रों ने की मारपीट, महिलाओं ने थाने का घेराव किया

**श्रीनगर गढ़वाल :** श्रीनगर गढ़वाल विश्वविद्यालय के बिड़ला परिसर में गुरुवार को छात्र संघ चुनाव हुए। चुनाव परिणाम आने के बाद देर रात कमलेश्वर मोहल्ले में छात्रों ने हंगामा काटा और स्थानीय लोगों से मारपीट की। आक्रोशित महिलाओं ने शुक्रवार को कोतवाली का घेराव किया। महिलाओं ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। गुरुवार को हुए छात्र संघ चुनाव में अध्यक्ष पद पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के बागी उम्मीदवार ने जीत दर्ज की है। कॉलेज में चुनाव के बाद रात के वक्त कमलेश्वर मोहल्ले में छात्रों ने हंगामा किया। हालांकि यह पता नहीं चल पाया है कि हंगामा करने वाले छात्र किसके समर्थक थे। आरोप है कि हंगामा करने वाले छात्रों ने स्थानीय लोगों के विरोध करने पर मारपीट भी की। यह पूरी घटना सीसीटीवी फुटेज में भी आई है, जिसकी जांच की मांग स्थानीय लोग कर रहे हैं। शुक्रवार सुबह बड़ी संख्या में कमलेश्वर क्षेत्र की महिलाएं श्रीनगर कोतवाली का घेराव करने पहुंच गई। उन्होंने यहां नारेबाजी की और आरोपियों की गिरफ्तार की मांग की। (एजेन्सी)

## जन-जन तक पहुंचाएं सरकार की योजनाएंः महाराज



कोटद्वार में कार्यकर्ताओं की बैठक लेते सतपाल महाराज

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** प्रदेश के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार जनता के हितों को लेकर कार्य कर रही है। जन-जन तक सरकारी योजनाएं पहुंच सकें इसके लिए कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर कार्य करना होग।

शुक्रवार को काबीना मंत्री सतपाल महाराज अपने दो दिवसीय प्रवास पर कोटद्वार पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं की बैठक ली। कहा कि कार्यकर्ता संगठन की नीव हैं। इसके लिए उन्हें एकजुट होकर संगठन की मजबूती के लिए कार्य करना होगा। कहा कि प्रदेश सरकार गांव-गांव को सड़क व अन्य मूलभूत सुविधाओं से जोड़ने का हर संभव प्रयास कर रही है। दूरस्त क्षेत्र में बैठे व्यक्ति तक सरकारी योजनाएं पहुंच सके इसके लिए कार्यकर्ताओं को आगे आना होगा। इस मौके भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेन्द्र रावत, भाजपा कार्यकर्ता जंग बहादुर, उमेश त्रिपाठी, राम प्रकाश शर्मा, संग्राम सिंह, पार्षद गायत्री भट्ट, ऋषि कंडवाल आदि मौजूद रहे।

# अतुल बलोदी अध्यक्ष तो शिव रावत बनें सचिव

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी :** पर्वतीय राजस्व निरीक्षक राजस्व उपनिरीक्षक एवं राजस्व सेवक संघ के जिला अधिवेशन में सर्व सम्मति से संघ की द्विवार्षिक नई कार्यकारिणी का गठन कर लिया है। नई कार्यकारिणी में अतुल बलोदी अध्यक्ष और शिव सिंह रावत सचिव बने।

पौड़ी जिला पंचायत सभागार में संघ का जिला अधिवेशन का आयोजन किया गया। जिसमें जिलेभर की सभी तहसीलों से राजस्व उपनिरीक्षकों और निरीक्षकों ने हिस्सा लिया। अधिवेशन में संघ ने विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। पदाधिकारियों ने कहा कि सभी को साथ लेकर संघ की समस्याओं के हल के प्रयास किए जाएंगे। अधिवेशन में संघ की नई कार्यकारिणी का भी चुनाव सर्वसम्मति से हुआ। जिसमें अतुल बलोदी को अध्यक्ष, शिव सिंह रावत को सचिव, सुभाष लिंगवाल को उपाध्यक्ष, दीपक देवरानी को कोषाध्यक्ष, अशोक कुमार संगठन सचिव, ज्योति मंजेड़ा लेखा परीक्षक सहित राजेंद्र सिंह नेगी को संघ का संरक्षक बनाया गया। नवनिर्वाचित संघ अध्यक्ष बलोदी ने कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी दी है उसका निर्वहन किया जाएगा। इस मौके पर निर्वतमान संघ अध्यक्ष विनोद रावत, गौरव लिंगवाल, विजय राम पंत, कुलदीप सिंह, मनोज कुमार, संजय सिंह नेगी, राजपाल नेगी, सुदामा रावत, विपिन कुमार, राजेंद्र नेगी, निर्मला रावत, पंकज रावत आदि मौजूद रहे।

# जनता की अनदेखी कर रही भाजपा सरकार

**कोटद्वार के भाबर क्षेत्र में निकली कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा**

**कोटद्वारः** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के आह्रान पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाबर क्षेत्र में भारत जोड़ा यात्रा निकाली। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने आमजन को सरकार की जनविरोधी नीतियों से भी अवगत करवाया।

शुक्रवार को मोटाढांक से निंबूचौड़ तक भारत जोड़ो यात्रा निकाली गई। कार्यकर्ताओं ने केंद्र व प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आमजन को जन विरोधी नीतियों से अवगत करवाया। वक्ताओं ने कहा कि सत्ता में आने से पूर्व भाजपा ने जनता से बड़े-बड़े वादे किए थे। लेकिन, सत्ता मिलते ही सरकार ने जनता का शोषण शुरू कर दिया है। महंगाई ने गरीब परिवार की कमर तोड़कर रख दी गई है। उच्च डिग्री लेने के बाद भी युवा रोजगार की तलाश में भटक रहा है। सरकार युवाओं को केवल झूठे सपने दिखाने का काम कर रही है। देश व प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच चुका है। इस दौरान कांग्रेस ने अंकिता हत्याकांड की सीबीआई जांच करवाने की भी मांग उठाई। कहा कि बेटी की हत्या को भाजपा सरकार हल्के में ले रही है। प्रदेश में बेटियों का अपमान किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष महावीर सिंह रावत, जिला महामंत्री राजेंद्र सिंह रावत, विमला रावत, प्रेमा रावत, वीरेंद्र सिंह रावत, महेश शाह, विनोद नेगी, सुरेश नेगी, विजय नारायण सिंह, जसवीर सिंह राणा, सुनील दत्त, राकेश शर्मा, बलवीर सिंह रावत, देवेंद्र भट्ट आदि मौजूद रहे।



# जनप्रतिनिधि के भाई के खिलाफ ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



रुद्रपुर : चारुबेटा के ग्रामीणों ने गांव के एक जनप्रतिनिधि के भाई पर सरकारी सस्ता गल्ला की दुकान में होने वाले राशन वितरण में व्यवधान डालने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने इसको लेकर तहसील में प्रदर्शन किया। साथ ही मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम रविंद्र सिंह बिष्ट को सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। शुक्रवार को तहसील पहुंचे चारुबेटा के ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधि के भाई के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ग्रामीणों ने सीएम को संबोधित ज्ञापन एसडीएम के पेशकार को सौंपा। इसमें उन्होंने कहा कि उनके गांव में बहुउद्देश्यीय सहकारी समिति द्वारा सस्ते गल्ले की दुकान संचालित है। दुकान से सभी कार्डधारकों को समय से खाद्यान्न मिलता है। ग्रामीणों को विक्रेता से किसी भी प्रकार की कोई शिकायत नहीं है। आरोप है कि गांव के जनप्रतिनिधि के भाई द्वारा आए दिन सस्ता गल्ला की दुकान पर बिना बात के हंगामा कर व्यवधान पैदा किया जाता है। इससे राशन वितरण में अवरोध उत्पन्न होता है। ग्रामीणों ने मामले में कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन पर समसेरवती, सबीना, पिंकी देवी, कन्यावती, पूजा राना, बृजबाला, परमजीत, ज्ञानवती, ज्योति, गीता राना, रंजू देवी, राजेश्वरी, विजयलक्ष्मी, कविता देवी, रीना देवी, शांति राना, शिवरात्रि आदि के हस्ताक्षर हैं। (एजेन्सी)

## पंचायती उप चुनाव की तैयारियां शुरू

अल्मोड़ा : जिले में प्रधान विहीन ग्राम सभाओं में निर्वाचन की तैयारियां शुरू हो गई है। जल्द ही जिलेभर में प्रधान विहीन 12 ग्राम सभाओं को प्रधान और क्षेत्र पंचायत मिल सकेंगे। प्रशासन की ओर से पंचायती उप चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी गई है। 21 नवंबर से चुनाव की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी वंदना ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से संबंधित प्रादेशिक निर्वाचक निर्वाचन क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता तात्कालिक प्रभाव से प्रभावी हो गई है। उन्होंने बताया कि 17 नवंबर से निर्धारित जनपद के समस्त विकासखंडों की संबंधित ग्राम पंचायतों जिनमें सदस्य ग्राम पंचायत, प्रधान ग्राम पंचायत और क्षेत्र पंचायत के उप निर्वाचन कार्य कराये जा रहे हैं,

# अध्यक्ष पद पर 29 वोट से जीते धर्मेश

नैनीताल : उत्तराखंड देवभूमि सफाई कर्मचारी संघ के धर्मेश प्रसाद पांचवीं बार अध्यक्ष और सोनू सहदेव छठी बार महासचिव चुने गए हैं। शुक्रवार को नगर पालिका सभागार में चुनाव संपन्न हुए। जिसमें 193 मतदाताओं में से 178 मतदाताओं ने अपने मतों का प्रयोग किया।

मुख्य चुनाव अधिकारी महेंद्र सिलेंलान ने बताया कि अध्यक्ष पद पर धर्मेश प्रसाद को 97, कमल सिलेलान को 68, उपाध्यक्ष पद पर रवि कुमार को 97 संजय पवार को 70, महासचिव सोनू सहदेव को 103, कमल कुमार को 64 मत मिले। जबकी उप सचिव पद पर विक्की सिलेंलान निर्विरोध उप सचिव चुने गए। चुनाव जीतने के बाद विजयी प्रत्याशी के समर्थकों ने नगर पालिका सभागार के बाहर जमकर आतिशबाजी की साथ ही ढोल नगाड़ों के साथ विजय प्रत्याशियों को कंधे में उठाकर जश्न मनाया। वहीं नवनिर्वाचित अध्यक्ष धर्मेश प्रसाद ने कहा नगर पालिका कर्मचारी जिन आवासों पर रह रहे हैं, उन आवासों कर्मचारियों को मालिकाना हक दिलाने और कर्मचारियों के नगर पालिका में रिक्त पदों को समय से भरवाने पर कार्य किया जाएगा। जबकि महासचिव सोनू सहदेव ने कहा नगरपालिका कर्मचारियों वेतन के लिए लगातार प्रदर्शन करना पड़ता है, जिससे कर्मचारियों और उनके परिवारों को काफी दिक्कत होती है, लिहाजा सफाई कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान समय पर कराने का प्रयास किया जाएगा। यहां सुनील खोलिया, दीपराज, अनिल कटियार, शिवराज नेगी अमित सहदेव, मुकेश कुमार, संजय भगत, मनोज चौहान, मनोज कुमार, जगदीश, अनिल कटियार, राहुल कुमार समेत अन्य लोग मौजूद रहे। (एजेन्सी)

## चेक बाउंस मामले में वारंट जारी

नैनीताल : आरा ग्रुप के संचालक अंशु मलिक के खिलाफ अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नैनीताल की ओर से चेक बाउंस के मामले में वारंट जारी किया गया है। मलिक पर आरोप है कि उन्होंने काम के एवज में नैनीताल के भारत टेंट हाउस को एक लाख 22 हजार रूपये की धनराशि का चेक दिया था। संबंधित चेक बाउंस हो गया। जिस पर भारत टेंट हाउस की ओर से चेक के संबंध में बीते 8 अगस्त को नैनीताल मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की न्यायालय में वाद दायर किया गया था। कोर्ट से अंशु मलिक को समन भेजा गया। न्यायालय में नियत तिथि पर उपस्थित न होने पर अंशु मलिक के खिलाफ वारंट जारी किया गया है। इसके तहत एक दिसंबर को अंशु मलिक को कोर्ट में पेश होना होगा। (एजेन्सी)

# अभाविप ने फूंका उच्च शिक्षा मंत्री का पुतला



रुद्रपुर : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने छात्र संघ चुनाव की तिथि घोषित न होने पर उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत का पुतला फूंक कर रोष जताया। अभाविप के कार्यकर्ता ने बताया कि पिछले दो–तीन वर्षों से छात्र संघ चुनाव नहीं हुए हैं, जिसको लेकर छात्र नेताओं में भारी आक्रोश है। साथ ही महाविद्यालय में अनेकों प्रकार की समस्या उत्पन्न होने से महाविद्यालय प्रतिनिधित्व ना होने पर समस्या का निवारण ठीक प्रकार से नहीं हो पा रहे है। कार्यकर्ताओं ने उच्च शिक्षा मंत्री का पुतला फूंक कर विरोध प्रदर्शन किया तथा चुनाव की तिथि जल्द से जल्द घोषित करने की मांग की है। साथ ही अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने चुनाव की तिथि की घोषणा नहीं करने पर आंदोलन करने की भी चेतावनी दी है। यहां केशव बिजलवान, करन भारद्वाज, अभिषेक बलोदी, ऋषिराज सिंह, मानस सिंगल, कुंदन सिंह, कोमल मंडल, साक्षी पांडे, आयुष बिश्नोई, अमरजीत सिंह, निशांत दिक्षित, गौरव सिंह, अंशु पाल, अनमोल गुप्ता, नीरज आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। (एजेन्सी)

## सुरक्षित मातृत्व के बारे में दी महत्वपूर्ण जानकारी

अल्मोड़ा : राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की ओर से शुक्रवार को अल्मोड़ा सीएमओ कार्यालय में एक दिवसीय सुरक्षित मातृत्व आश्वासन कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें आशाओं समेत जननी सुरक्षा से जुड़े स्वास्थ्य कर्मियों को सुरक्षित मातृत्व विषय पर तमाम जानकारियां दीं गईं। कार्यशाला में जिले के विभिन्न ब्लॉकों के चिकित्सक व चिकित्सा कर्मी शामिल हुए। कार्यशाला के मौके पर सीएमओ डॉ. आरपी पंत ने कहा कि चिकित्सकों व कर्मियों को मातृ मृत्यु के मुख्य कारण व इसके बचाव के बारे में बताया गया। गर्भावस्था के दौरान अत्यधिक रक्त स्त्राव, उच्च रक्तचाप आदि की जानकारी दी गई। मातृ मृत्यु दर को कम करने के लिए प्रसव के दौरान सुरक्षित रहन–सहन से आदि के बारे में भी बताया गया।

# आप ने अंकिता हत्याकांड की सीबीआई जांच की मांग उठाई



अल्मोड़ा : अंकिता हत्याकांड की सीबीआई जांच और वीआईपी का नाम उजागर करने की मांग को लेकर आम आदमी पार्टी मुखर हो गई है। शुक्रवार को पार्टी की यूथ विंग ने नगर के चौघानपाटा में सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन कर नारेबाजी की। जल्द मामले में कार्रवाई की मांग उठाई। इस मौके पर आप के यूथ विंग जिलाध्यक्ष दानिश कुरैशी ने कहा कि अंकिता हत्याकांड मामले में कुछ वीआईपी के नाम भी आ रहे हैं। कहा कि सरकार अंकिता हत्याकांड के दोषियों को फांसी की सजा दिलवाये और मामले से जुड़े वीआईपी के नाम को उजाकर करे। इस मामले की सीबीआई जांच करवाई जानी चाहिए। कहा कि अगर उत्तराखंड सरकार सीबीआई जांच और वीआईपी का नाम जल्द उजागर नहीं करती है तो आप आदमी पार्टी प्रदेश स्तर पर अंकिता को इंसाफ दिलाने के लिए आंदोलन को बाध्य होगी। प्रदर्शन करने वालों में सूरज आर्या, मनीष मेहरा, अमित आर्या, प्रेम बोरा, मनु कुरैशी, फैजान कुरैशी, गुलाब कुरैशी, सलमान कुरैशी, जाहिद, नितिन सिंह, कलीम समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। (एजेन्सी)

# शॉर्ट सर्किट से मकान में लगी आग, सामान जलकर राख



बागेश्वर। कपकोट पुलिस थाना क्षेत्र के तहत सीरी हरसिंग्याबगड़ में एक व्यक्ति के मकान में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग ने कुछ देर में पूरे मकान को अपने आगोश में ले लिया। जब तक ग्रामीण व दमकल विभाग एकत्र होकर आग पर काबू पाते तब तक पूरा मकान जलकर राख हो गया। अंदर रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित परिवार के पास बदलने तक को कपड़े नहीं बचे। अब सर्द रात काटने के लिए उसके पास कुछ भी नहीं बचा। लोगों ने प्रशासन, विधायक तथा लोगों से सहयोग की अपील की है। खड़लेग भनार के सामाजिक कार्यकर्ता महिपाल सिंह कोरंगा ने बताया कि शुक्रवार की सुबह दस बजे सीरी हरसिंग्याबगड़ निवसी हिम्मत सिंह पुत्र प्रताप सिंह के मकान में बिजली के शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। घटना के वक्त पीड़ित बाजार गया था और उनकी पत्नी जंगल घास लेने गई थी। परिवार के लोगों ने बताया कि पहले बिजली के तार से चिंगारी निकली और उसके बाद आग लग गई। आग ने थोड़ी देर में पूरे मकान को अपने आगोश में ले लिया। आग के गोले दरवाजों से बाहर निकल रहे थे। आग की घटना के बाद गांव तथा आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया। दमकल विभाग भी मौके पर पहुंचा। छह घंटे की मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया गया। तब तक घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित परिवार के पास वही कपड़े बचे हैं जो उन्होंने पहने हुए हैं। बदलने तक को कपड़े नहीं बचे हैं। आग बुझाने वालों में ग्राम प्रधान पान सिंह, सरपंत जगत सिंह कोरंगा, च्रेत्र पंचायत सदस्य कविंद्र कोरंगा, अग्निशमन के एसआई शत्रुघ्न सिंह, पवन तथा हरक सिंह व ग्रामीण मौजूद रहे। पीड़ित ने बताया कि आग से दो लाख का जेवर, 12 हजार का राशन व 50 हजार के कपड़े व अन्य सामान जल गया है।

## मुख्यमंत्री दौरे को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह

अल्मोड़ा : सीएम पुष्कर सिंह धामी के दो दिनी अल्मोड़ा जिले के भ्रमण को लेकर शुक्रवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगर के एक होटल में बैठक कर तैयारियों को जायजा लिया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने सीएम के स्वागत की तैयारियों पर चर्चा की।

जिलाध्यक्ष रमेश बहुगुणा ने कहा कि सीएम हवालबाग में आजीविका महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। उसके बाद सर्किट हाउस में कार्यकर्ताओं व विभिन्न संगठनों से वार्ता करेंगे। साथ ही अन्य कार्यक्रमों में भी भाग लेंगे। बताया कि अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ता सीएम के कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे।

# गुलदार दिखने से लोगों में दहशत



चम्पावत। पाटी बाजार में गुलदार दिखने से लोगों में दहशत है। गुलदार के डर से लोग अंधेरा होते ही घरों कैद हो जा रहे हैं। सहमे ग्रामीणों ने वन विभाग से पिंजरा लगाने की मांग की है। पाटी चौराहे और आसपास के क्षेत्र में गुरुवार को दो गुलदार दिखाई दिए। इससे लोगों में दहशत फैल गई। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि इससे पूर्व गुलदार पालतू जानवरों पर हमला भी कर चुके हैं। बताया कि बीते कुछ दिनों से जौलामेल और छिनकाछीना में भी शाम के वक्त गुलदार देखे गए। इससे स्थानीय लोगों और दोपहिया वाहन चालकों को खतरा बना हुआ है। पाटी की प्रधान मीना देवी, व्यापार मंडल अध्यक्ष गोपेश पचौली, प्रधान हेम शर्मा, सुरेश भट्ट, राकेश पाटनी, दीपक भट्ट, त्रिभुवन सिंह, सोनू आदि ने वन विभाग से पिंजरे लगा कर गुलदारों को पकड़ने की मांग की है।

# गुरिल्लों ने भरी फिर हुंकार

बागेश्वर। सरकारी विभागों में तैनाती की मांग को लेकर गुरिल्ले लगातार आंदोलन की राह पर हैं, गत दिनों हाईकोर्ट ने भी उनके हक में फैसला सुनाया। इसके बाद भी सरकार ने उन्हें आज तक तैनाती नहीं दी है। अब गुरिल्लों ने हिम प्रहरी व बाइब्रेंट विजेल योजना लागू करने तथा इसमें उन्हें तैनात करने की मांग की है। प्रधानमंत्री तथा गृह मंत्री को इस आशय का ज्ञापन भी भेजा है।

एसएसबी स्वयं सेवक कल्याण समिति के बैनर तले जिले के गुरिल्ले शुक्रवार को नुमाईशखेत मैदान में एकत्रित हुए। यहां नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि सरकार उनके हितों के बारे में नहीं सोच रही है। हिम प्रहरी व बाइब्रेंट विलेज योजना उत्तराखंड सरकार ने केंद्र सरकार को स्वीकृत के लिए भेजी है। जो उत्तराखंड के नौ सीमांत ब्लॉकों के लिए है, जबकि उत्तराखंड के सभी पर्वतीय जिले विकास की दृष्टि से बहुत पीछे हैं। बेरोजगारी व पलायन ने लोग त्रस्त हैं। इसलिए योजना सीमांत ब्लॉकों के साथ–साथ पर्वतीय क्षेत्र में लागू करने की जरूरत है। हिम प्रहरी के लिए मानदेय पांच हजार प्रस्तावित है। महंगाई के इस दौर में यह काफी कम है। उन्होंने मानदेय की धनराशि 20 हजार करने की मांग की। साथ ही दोनों योजनाओं को सभी जिलो में लागू करने तथा उन्हें भी लाभ देने की मांग की है। इस मौके पर केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मानंद डालाकोटी, दिनेश लोहनी, जय सिंह, खीमानंद कांडपाल, देवेंद्र सिंह, कुंदन, गोपा राम, गोविंद रात, तारा देवी, खिमुली, मुन्नी, नीमा, राधिका, देवकी, सिंह,पिरुली, उम्मेद राम समेत 60 गुरिल्ले मौजूद रहे।

## 48 पव्वे देशी शराब के साथ एक गिरफ्तार

चम्पावत। बनबसा में 48 पव्वे देशी शराब के साथ पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी पर आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। एसपी देवेंद्र सिंह पींचा के निर्देश में मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए चलाए गए ऑपरेशन क्रैक डाउन के तहत पुलिस ने ये कार्रवाई की है। इसी के तहत गुरुवार को एसओ केसी जोशी के नेतृत्व में सघन चेकिंग अभियान में पुलिस ने बनबसा चंदनी निवासी अतुल कुमार सक्सेना से 48 पव्वे देशी शराब के बरामद किए। पुलिस टीम में कांस्टेबल सूर्य प्रकाश, शैलेंद्र राणा रहे।

## रोजगार मेला आयोजित हुआ

चम्पावत। चम्पावत में सुरक्षा जवान और सुपरवाइजर के रिक्त पदों के लिए जिला सेवायोजन कार्यालय में रोजगार मेला आयोजित किया गया। शुक्रवार को आयोजित रोजगार मेले में चम्पावत विकास खंड के युवाओं ने प्रतिभाग किया। एसआईएस सुरक्षा जवान व सुपरवाइजर के पद पर कमांडेट कार्यालय रीजनल एकेडमी देहरादून के भर्ती अधिकारी ने जिला सेवायोजन कार्यालय में एक दिवसीय भर्ती मेले का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 33 प्रतिभागियों ने पंजीकरण किया। जिसमें से छह लोगों का चयन किया गया। जिला सेवायोजन अधिकारी राजेश दुर्गापाल ने बताया कि 19 नवंबर को खंड विकास कार्यालय लोहाघाट, 21 को बाराकोट और 23 को टनकपुर में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा।

# पॉक्सो और दुष्कर्म के दो आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़े



बागेश्वर। कोतवाली पुलिस ने पॉक्सो एक्ट तथा दुष्कर्म के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक विवादित किशोर को पुलिस संरक्षण में लिया है। दोनों को न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय के आदेश के बाद अल्मोड़ा जेल भेज दिया है, जबकि पीड़िता को काउंसलिंग के बाद परिजनों के साथ घर भेज दिया है। 11 नवंबर को एक पीड़ित ने थाने में अपनी नाबालिग बेटी के बिना बताए घर से चले जाने की प्रार्थना पत्र दिया था। तहरीर के आधार पर आईपीसी की धारा 365 के तहत अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। मामले में पुलिस टीम ने 12 नवंबर को ताकुला वन विभाग के बैरियर के पास से नाबालिग को सकुशल बरामद किया। काउंसलिंग के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया। 17 नवंबर को मामले में वादी ने थाने पर आकर एक तहरीर दी। जिसमें उसकी नाबालिग पुत्री के पैसे लेने तथा दुष्कर्म करने का आरोप लगाया और नामजद तहरीर सौंपी। तहरीर के आधार पर मामले में आईपीसी की धारा 363, 366अ, 376(2 ढ), 376(3), 384, 354 क, 506 व 5 ठ/6, 7/8 पॉक्सो अधिनियम की बढ़ोतरी की गई। नामजद युवकों तथा किशोर की तलाश के लिए पुलिस टीम गठित की गई। टीम ने शुक्रवार को आरोपी साजन उर्फ सुमित पुत्र मोहन राम निवासी फल्टनियां, सलमान अहमद पुत्र नूर अहमद निवासी कठायतबाड़ा को पुराना एआरटीओ कार्यालय से गिरफ्तार किया। किशोर को आरे बाईपास से पुलिस संरक्षण में लिया गया। दोनों आरोपियों को न्यायालय के आदेश के बाद जेल भेज दिया है, नाबालिग को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया जाएगा। आरोपियों को पकड़ने वाली टीम कें एसआई खष्टी बिष्ट, कांस्टेबल गिरीश बजेली, नरेंद्र गोस्वामी, दीवान प्रसाद, तारा सिंह गड़िया आदि शामिल थे।

# दर्जनभर गांवों को जोड़ने वाले मार्ग को बंद किया



सितारगंज। उत्तराखण्ड बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य सुमन राय ने एन एच के बंद किये जाने पर निकटवर्ती ग्रामीणों को आने वाली समस्या के चलते पशुपालन मंत्री सौरभ बहुगुणा को ज्ञापन सौंपकर बताया कि बीते 14 नवंबर को स्कूली छात्राओं की बस दुर्घटना के बाद एन एच पर आर के ढाबे के पास से सितारगंज नगर व दर्जनभर गांवों को जोड़ने वाले मार्ग को बंद कर दिया गया है। जिससे कि स्कूल जाने वाले बच्चों, किसानों, व्यवसाईयों आदि सहित आम जनता को काफी घूमकर जाना पड़ रहा है। आम जनता में रोड बंद किए जाने के इस तुगलकी निर्णय से रोष व्याप्त है। सुमन राय ने कहा कि पुलभट्टा ओवर ब्रिज के दोनों तरफ, सिरसा मोड़,आरके ढाबा तथा एच एस हॉस्पिटल सितारगंज के पास गलत कट बनाए गए हैं। जिसके चलते सड़क दुर्घटनाओं से दर्जनों मौतें हो रही हैं। उन्होंने ज्ञापन में आरके ढाबा के पास नगर को जोड़ने वाले 60 वर्ष पुराने एनएचके बंद किए गए मार्ग को तत्काल प्रभाव से खोलने व गलत तरीके से बनाए गए कटों को ठीक किए जाने की मांग की है। इस अवसर पर अनिरुद्ध राय व अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थिति रहे।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने निकाली भारत जोड़ो यात्रा

अल्मोड़ा : नगर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भारत जोड़ो यात्रा निकाली। यात्रा के माध्यम से कार्यकर्ताओं ने बढ़ती महंगाई, राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था, महिला उत्पीड़न और अग्निपथ योजना के दुष्परिणामों से लोगों को रूबरू कराया। शुक्रवार को विधायक मनोज तिवारी के नेतृत्व में कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा चौघानपाटा, टैक्सी स्टैंड, शिखर तिराहा, लाला बाजार, बाटा चौक, गंगोला मोहल्ला होते हुए पुनः चौघानपाटा पहुंची। विधायक तिवारी ने कहा कि कन्याकुमारी से कश्मीर तक राहुल गांधी के नेतृत्व में निकाली जा रही भारत जोड़ो यात्रा में लाखों लोग भाग ले रहे हैं।

# पंतगांव–नरेत मोटर मार्ग की बदहाली से ग्रामीण परेशान

पिथौरागढ़ : पंतगांव–नरेत मोटर मार्ग की बदहाली को लेकर ग्रामीण परेशान हैं। नरेत के समीप दीवार क्षतिग्रस्त होने से नौले को खतरा हो गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से नौले को बचाने की मांग की है। अस्कोट के ओझागावं,नरेत पश्मा, हंसेश्वर सड़क बदहाल होने से ग्रामीणों ने प्रशासन के खिलाफ आक्रोश जताया है। शुक्रवार को सामाजिक कार्यकर्ता हेमू अवस्थी ने कहा कि 217 लाख रुपये की लागत से पंतगाव से नरेत तक लगभग 4 किमी सड़क का निर्माण किया गया। लेकिन कार्य पूर्ण होने के कुछ समय बाद ही डामर उखडना शुरू हो गया। जगह–जगह दीवार क्षतिग्रस्त हो चुकी है। दीवार ढ़हने से नरेत के नौले को भी खतरा पैदा हो गया है। उन्होंने कहा कि प्रशासन लोगों की समस्या की ओर ध्यान नहीं दे रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि आंतरिक सड़क मार्ग सही नहीं होने पर उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान हेमू पंत, हिमांशु अवस्थी, मनोहर बिष्ट, मनोज बिष्ट, अनिल नेहरा, अखिल नेहरा, महिमन सिंह सामंत, मोहन सिंह सामंत मौजूद रहे। (एजेन्सी)

## कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने सुनी जन समस्याएं

अल्मोड़ा : सोमेश्वर विधायक व कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने शुक्रवार को ब्लॉक ताकुला के बसौली गांव पहुंच जन समस्याएं सुनीं। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने उनका फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया।

स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से कैबिनेट मंत्री को अवगत कराया। उन्होंने आश्वस्त किया कि क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं का समाधान अवश्य किया जायेगा।

# पूर्णागिरी को जल्द ही रोवपे से जोड़ा जाएगा : सीएम

## मुख्यमंत्री ने जन संवाद कार्यक्रम में सुनी जनता की समस्याएं

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को टनकपुर स्थित मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में 'मुख्य सेवक आपके द्वार' के अंतर्गत 'जन संवाद' कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए जनता की समस्याएं सुनी।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के तत्काल निस्तारण हेतु निर्देशित किया। इस दौरान कई संगठनों व लोगों ने अपनी समस्याओं को सीएम के समक्ष प्रमुखता से रखा। उन्होंने कहा पूर्णागिरी को रोपवे से जोड़ने का कार्य जल्द ही किया जाएगा। दूरदराज सीमांत गांव के



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जन संवाद कार्यक्रम में लोगों की समस्या सुनते हुए।

विकास हेतु सरकार गांव में चौपाल कार्यक्रम की व्यवस्था करने जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जो समस्या जिला स्तर पर हल हो सकती है उनका समाधान निर्धारित समय पर होना चाहिए। वह समस्या अनावश्यक शासन या उनके स्तर पर नहीं आनी चाहिए, जिला स्तर पर होने वाले कार्यों की फाइल सचिवालय स्तर में आने पर अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि शारदा घाट का निर्माण नमामि गंगे के अंतर्गत हो इसके लिए हम लगातार प्रयासरत हैं। उन्होंने जिलाधिकारी को नियमित माँ शारदा की आरती करने हेतु नमामि गंगे के अंतर्गत प्रस्ताव दिए जाने को निर्देशित किया।

उन्होंने कहा कि मां पूर्णागिरि धाम में आने वाले लाखों श्रद्धालु हमारे चंपावत लोहाघाट पिथौरागढ़ के साथ ही अन्य जिलों में घूमे इसके लिए हम मंदिर माला मिशन के अंतर्गत पौराणिक मंदिरों एवं स्थानों को जोड़कर एक सर्किट के रूप में विकसित कर रहे हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने खूना निवासी फकरुद्दीन को 50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता का चेक भी प्रदान किया। इस दौरान जिलाधिकारी नरेंद्र सिंह भंडारी, पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पींचा, पालिकाध्यक्ष विपिन वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष निर्मल महरा, प्रदेश मंत्री हेमा जोशी, सीडीओ आर एस रावत, एडीएम हेमंत कुमार वर्मा, एसडीएम हिमांशु कफल्टिया एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# सीएम धामी आज करेगें प्रथम सीमांत पर्वतीय जनपद बाल विज्ञान महोत्सव का उदघाटन

जयन्त प्रतिनिधि।देहरादून : प्रदेश के सीमांत, दूरस्थ एवं दुर्गम क्षेत्र के बच्चों में वैज्ञानिक चेतना विकसित करने के साथ-साथ वैज्ञानिक अवधारणा को पुष्ट करने हेतु मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर विकासखंड और जनपद स्तर पर कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं के समापनार्थ निर्णायक समारोह, प्रथम राज्य स्तरीय सीमांत पर्वतीय जनपद बाल विज्ञान महोत्सव 2022 के रूप में शनिवार और रविवार को चम्पावत में जवाहर नवोदय विद्यालय में होगा, इस बाल विज्ञान महोत्सव को उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (यूकास्ट) आयोजन कर रहा है, सहभागी के रूप में जिला प्रशासन चम्पावत भी है। इस महोत्सव का उद्घाटन शनिवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी करेंगे और समापन 20 नवम्बर को बच्चों को पुरस्कृत करके महामहिम राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (से.नि.) गुरमीत सिंह करेंगे।यूकॉस्ट के महानिदेशक प्रो. दुर्गेश पंत ने बताया कि राज्य के 6 सीमांत जनपद उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर, चम्पावत और पिथौरागढ़ के लगभग 250 स्कूली बच्चे पिछले कुछ हफ्तों में चयनित हुए हैं, जो इस बाल विज्ञान महोत्सव में प्रतिभाग करेंगे। इस दो दिवसीय महोत्सव का मूल उद्देश्य राज्य के दूरस्थ विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को पारम्परिक ज्ञान के प्रति संवेदनशील बनाते हुए उनमें वैज्ञानिक सोच का विकास करना और आधुनिक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी का राज्य मे वृहद लोकव्यापीकरण करना है। यूकॉस्ट के प्रबंधक जनसम्पर्क अमित पोखरियाल ने बताया कि इस अनोखे बाल विज्ञान महोत्सव में प्रतिभागियों को विज्ञान प्रदर्शनी, वैज्ञानिक कार्यशाला, दूरबीन के माध्यम से आकाश अवलोकन, तारामंडल शो, विज्ञान फिल्म शो आदि के माध्यम से आमंत्रित वैज्ञानिकों के साथ चर्चा करने, उनके व्याख्यान सुनकर उनसे मार्गदर्शन लेने का अवसर भी प्राप्त होगा।

## परिवहन विभाग की कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : बीरोंखाल और थलीसैंण ब्लॉक में परिवहन विभाग के चेकिंग अभियान से वाहन चालकों में हड़कंप मचा हुआ है। दो दिन से परिवहन विभाग के अधिकारी अभियान चलाकर वाहन चालकों को जरूरी निर्देश भी दे रहे हैं। पौड़ी परिवहन कर अधिकारी जयंत वशिष्ठ ने बताया कि दो दिन में उन्होंने थलीसैंण, बैजरों, भीड़ा, सिमड़ी, दुनाऊं, जिवई, मैठाणाघाट, कपरोली, त्रिपालीसैंण आदि रूटों पर ओवर लोडिंग, टैक्स, बीमा, सेप्टी बेल्ट, बिना परमिट, यात्री वाहनों में अधिक सवारी बैठाना सहित अन्य मामलों में एक दर्जन से अधिक वाहनों के चालान किए हैं।

# सीएम घोषणा से संबंधित योजनाओं पर तेजी से करें कार्य : डीएम

जयन्त प्रतिनिधि।पौड़ी : जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री घोषणा से संबंधित योजनाओं की प्रगति को और तीव्र गति से बढ़ाने के लिए विभिन्न विभागों को आपसी समन्वय से भूमि हस्तांतरण के साथ-साथ अन्य सभी छोटे-बड़े मुद्दों का समाधान करते हुए कार्यों में तेजी लाने को कहा। उन्होंने निर्देशित किया कि जो कार्य भूमि हस्तांतरण की वजह से लंबित है उनको प्राथमिकता में लेते हुए तत्काल भूमि हस्तांतरण से संबंधित प्रकरणों का समाधान करें। कहा कि भूमि हस्तांतरण से यदि कोई मामला ज्यादा समय से लंबित है उसका दो-तीन दिन में निस्तारित करवाएं, जिससे विकास कार्यों को अधिक तेजी मिले। जिलाधिकारी संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि थलीसैंण के अंतर्गत चुठानी-इज्जर मोटर मार्ग, पैठाणी-भरीक मोटर मार्ग की वन भूमि हस्तांतरण की कार्यवाही 15 दिन के भीतर पूर्ण करें। साथ ही उन्होंने लोनिवि को निर्देशित किया कि उफरेखाल-भतपांव-गाड़-खर्क-भराड़ीधार मोटर मार्ग की डिजिटल मैपिंग करें।जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री की घोषणा से संबंधित विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में 12 वां वृत लोक निर्माण विभाग



जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए।

पौड़ी, लोक निर्माण खंड पौड़ी, श्रीनगर, पाबौ, बैंजरों, लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड पौड़ी व लैंसडौन से सड़क निर्माण कार्यों से संबंधित कार्यों की प्रगति, नगर निगम कोटद्वार, नगर पालिका पौड़ी, श्रीनगर व दुगड्डा से संबंधित कार्यों, जल संस्थान पौड़ी व कोटद्वार पेयजल निगम, शिक्षा विभाग, सिंचाई विभाग, युवा कल्याण विभाग, खेल विभाग इत्यादि विभागों से मुख्यमंत्री की घोषणा से संबंधित योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग को सड़क निर्माण कार्यों की प्रगति बढ़ाने के लिए वन विभाग के समन्वय से भूमि हस्तांतरण प्रकरणों, राजस्व विभाग और संबंधित अन्य संस्थानों से इस संबंध में जो भी कार्यवाही की जानी है तेजी से करने को कहा। साथ ही शासन स्तर पर जो मामले प्रस्तुत किए जाने हैं उनको भी गंभीरता से और तत्परता से प्रस्तुत करते हुए उसका निराकरण कराने को कहा। उन्होंने संबंधित पटल सहायक को सभी विभागों से विकास कार्यों से संबंधित कार्यों का अलग-अलग विवरण व जो कार्य निर्धारित समय से पहले समाप्त हो सकते हैं, जो निर्धारित समय में ही पूर्ण होंगे तथा जिन में अधिक समय अपेक्षित है उनका अलग–अलग विवरण देने के निर्देश दिए।

## बिड़ला परिसर में अभद्रता से शिक्षक आहत

श्रीनगर गढ़वाल : गढ़वाल केंद्रीय विवि के बिड़ला परिसर में गुरुवार को मतगणना संपन्न होने के दौरान कुछ छात्रों द्वारा मतगणना में लगे शिक्षकों के साथ अभद्रता किए जाने पर विवि शिक्षकों में रोष है। शिक्षकों ने कहा कि छात्रों के इस तरह के व्यवहार से वह आहत हैं। उन्होंने अभद्रता करने वाले छात्रों की घोर निंदा करते हुए कहा कि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।शुक्रवार को छात्र संघ शपथ ग्रहण समारोह के बाद चुनाव समिति एवं मुख्य चुनाव अधिकारी की एक संयुक्त बैठक आहुत की गई। बैठक में कहा गया कि चुनाव संपन्न होने के दौरान मतगणना के बीच में चुनाव समिति के सदस्यों के साथ कुछ छात्रों द्वारा अभद्रता, धमकी एवं गाली-गलौज की गई।


**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

[illegible] MC-4-ST-CAMC-SPARMV-HW-22 [illegible] 08.12.2022 को 17:30 बजे [illegible] www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| विभाग | सी & डब्लू. | टेंडर सं. | No. MC-4-ST-CAMC-SPARMV-HW-22 |
| कार्य का नाम | Comprehensive Annual Maintenance Contract (CAMC) of Inspection & servicing of HS-SPARMV power pack for a period of three years at Haridwar Depot on single tender basis through OEM. | | |
| निविदा टाइप | [illegible] | बिडिंग सिस्टम | सिंगल पैकेट सिस्टम |
| निविदा बंद होने की दिनांक एवं समय | | 08.12.2022 17:30 बजे | |
| एडवांस्ड वैल्यू | 1,04,40,825.35/- रुपये | ऑफर की वैधता | 45 दिन |

No. MC-4-ST-CAMC-SPARMV-HW-22 Date: 17.11.2022 3077/22

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**छावनी परिषद् लैन्सडौन (पौड़ी गढ़वाल)**

**कोटेशन नोटिस (तृतीय सूचना)**

छावनी परिषद् कार्यालय लैन्सडौन द्वारा छावनी क्षेत्र में पशु वधशाला में पशुओं को स्लाटर करने से पूर्व उन्हें स्टेनिग प्रक्रिया हेतु स्टन मशीन (Stunning Gun) हेतु इच्छुक सप्लायरो/वितरको/उत्पादको से ऑनलाईन कोटेशन www.defproe.gov.in वेबसाईट पर आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण निम्न है –

| | |
|---|---|
| कोटेशन फार्म ऑनलाईन भरने की तारीख | 01 दिसम्बर 2022 समय 1100 बजे तक |
| कोटेशन खोलने की तारीख | 02 दिसम्बर 2022 समय 11.30 बजे |

कोटेशन फार्म www.defproe.gov.in वेबसाईट पर ऑनलाईन भरे जाएंगे व कोटेशनों से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तें भी इसी वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

2510/2022–23/छा0परि0 — मुख्य अधिशासी अधिकारी

दिनॉक नवम्बर 2022 — छावनी परिषद् लैन्सडौन।

(0683/57)


# पौड़ी गढ़वाल में 4 जी कनेक्टिवीटी के लिए 34 स्थान चयनित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : भारत सरकार के दूरसंचार मंत्रालय के यूएसओएफ (यूनिवर्सल सर्विस ऑब्लिकेशन फंड) के अंतर्गत संपूर्ण देश को 4 जी सेवा प्रदान करने का कार्यक्रम है। जनपद पौड़ी में भी इस संबंध में तेजी से कार्य किया जायेगा। जनपद पौड़ी में अभी तक कुल 34 साइट का चयन किया गया है जहां पर 4 जी कनेक्टिवीटी प्रदान की जानी है। जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारियों व तहसीलदारों को निर्देशित किया कि जिन साइटों में सरकारी अथवा गैरसरकारी जो भी भूमि अनूमन्य होगी अगर अभी तक उपलब्ध नहीं हो पाई तो उस





जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान बैठक में निर्देश देते हुए।

संबंध में अग्रिम कार्यवाही करें। साथ ही यदि भूमि वन विभाग से संबंधित है तो उस संबंध में भी अग्रिम कार्यवाही करें, ताकि निर्धारित समयावधि में 4 जी कनेक्टिवीटी के कार्यों को पूर्ण किया जा सके। उन्होंने बीएसएनएल को निर्देशित किया कि 4 जी कनेक्टिवीटी से संबंधित कार्यों के संपादन में टेंडर प्रक्रिया सहित अन्य औपचारिकताओं को समय पर पूर्ण करें।

जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान की अध्यक्षता में जनपद में 4 जी सेचुरेशन प्रोजेक्ट के संबंध में संबंधित अधिकारियों के साथ एनआईसी सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारियों, तहसीलदारों और बीएसएनएल के अधिकारियों को जनपद में 4 जी कनेक्टिवीटी से संबंधित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर प्रारंभ करने और निर्धारित समयावधि में कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने भारत संचार निगम लिमिटेड के अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभिन्न स्थानों पर चयनित की गयी साइट जहां पर राजस्व विभाग द्वारा भूमि उपलब्ध करवाई जा चुकी है उन साइट पर तत्काल कनेक्टिवीटी का कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिये। उन्होंने इस संबंध में टेलिकॉम समिति को कार्यों की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिये। बैठक में उपजिलाधिकारी सदर आकाश जोशी, मंडल अभियंता भारत संचार निगम लिमिटेड मानवेंद्र लहरिया, तहसीलदार सुशीला कोठियाल, तहसीलदार धुमाकोट यशवीर सिंह, अवर दूरसंचार अधिकारी हरिओम असवाल सहित वर्चुअल माध्यम से राजस्व विभाग के अन्य अधिकारी व कार्मिक बैठक से जुड़े हुए थे।


**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, कोटद्वार**

**अति अल्पकालीन कोटेशन सूचना**

**पत्रांक** 2592 / **कोटेशन सूचना** / / 2022–23 **दिनांक** 18/11/2022

मुख्य महाप्रबन्धक, उत्तराखण्ड जल संस्थान, देहरादून की ओर से पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु सीलबन्द कोटेशन आमंत्रित की जाती है, जो कि दिनांक 25.11.2022 की अपराह्न 3.00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में शाखा कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। यह कोटेशन दिनांक 26.11.2022 की सांय 3.30 बजे तक शाखा में जमा करायी जा सकेगी। प्राप्त कोटेशन, उसी दिन सांय 4.00 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा उपस्थित कोटेशनदाताओं के समक्ष खोली जायेंगी। अन्य जानकारी एवं शर्तें कार्यालय नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है अथवा कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | ठेकेदार की पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|
| (A) | विकास खण्ड यमकेश्वर के अन्तर्गत दैवीय आपदा से क्षतिग्रस्त निम्न पेयजल योजनाओं में मरम्मत का कार्य। | |
| 1 | ढिखेडा पेयजल योजना | D एवं उच्चतर |
| 2 | बडकोट बुधोली पेयजल योजना (भाग–1) | D एवं उच्चतर |
| 3 | बडकोट बुधोली पेयजल योजना (भाग–2) | D एवं उच्चतर |
| 4 | बुकण्डी पेयजल योजना | D एवं उच्चतर |
| 5 | अवई पेयजल योजना | D एवं उच्चतर |
| 6 | वीर काटल पेयजल योजना | D एवं उच्चतर |
| 7 | ढौंर पाली पेयजल योजना | D एवं उच्चतर |
| 8 | कोटा मल्ला पेयजल योजना (भाग–1) | D एवं उच्चतर |
| 9 | कोटा मल्ला पेयजल योजना (भाग–2) | D एवं उच्चतर |
| 10 | बनास तल्ला पेयजल योजना (भाग–1) | D एवं उच्चतर |
| 11 | बनास तल्ला पेयजल योजना (भाग–2) | D एवं उच्चतर |
| 12 | गंगाभोगपुर पेयजल योजना | D एवं उच्चतर |
| 13 | राजसेरा पेयजल योजना | D एवं उच्चतर |
| 14 | दालमीसेरा पेयजल योजना | D एवं उच्चतर |
| 15 | पम्बा टोला पेयजल योजना (भाग–1) | D एवं उच्चतर |
| 16 | पम्बा टोला पेयजल योजना (भाग–2) | D एवं उच्चतर |
| 17 | पैंया जुलेडी पेयजल योजना | D एवं उच्चतर |
| 18 | आमगांव काण्डी पेयजल योजना | D एवं उच्चतर |

**शर्तें :-**

1– कार्य उत्तराखण्ड जल संस्थान के सहायक अभियन्ता के निर्देशानुसार करना होगा।
2– निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा।
3– कार्य पूर्ण होने के 01 वर्ष पश्चात ही धरोहर राशि वापस की जायेगी।
4– ठेकेदार द्वारा लिफाफे पर योजना का नाम एवं ठेकेदार का नाम तथा पता अंकित होना अनिवार्य है।
5– कोटेशन प्रपत्र पर जी0एस0टी0 नं0 अंकित करना अनिवार्य होगा।
6– अधोहस्ताक्षरी को किसी अथवा समस्त कोटेशनों को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार होगा।
7– सशर्त कोटेशन स्वीकार नहीं की जायेगी।
8– कार्य स्थल का निरीक्षण करने के उपरान्त ही निविदा क्रय करे।
9– निर्धारित अवधि के अन्दर ही कार्य पूर्ण करना आवश्यक होगा।
10– योजना पर मरम्मत कार्य पूर्ण होने के पश्चात् कार्य सन्तुष्टि प्रमाण पत्र सम्बन्धित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से प्राप्त करना आवश्यक होगा।
11 – कार्य करने से पूर्व एवं कार्य करने के उपरान्त की फोटोग्राफ्स उपलब्ध कराने अनिवार्य होंगे।
12– चूंकि कार्य तत्कालिक मरम्मत एवं जलापूर्ति सुचारू किये जाने से सम्बन्धित है। अतः अनुबन्धित फर्म/ ठेकेदार द्वारा संतोषजनक रूप से कार्य नहीं किये जाने पर फर्म को विभाग द्वारा एक सप्ताह का नोटिस देकर किसी भी समय अनुबन्ध समाप्त किया जा सकता है तथा ऐसी स्थिति में सम्बन्धित फर्म की जमानत धनराशि जब्त कर ली जायेगी, और किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।

(0682/75) — अधिशासी अभियन्ता


# सीएम बोले खेलों से होगा नशा मुक्त समाज का सपना साकार



जयन्त प्रतिनिधि।देहरादून : बनबसा स्पोर्ट्स स्टेडियम में राम दल द्वारा आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के उपरांत फाइनल मैच का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेलों के माध्यम से ही नशा मुक्त समाज का सपना साकार हो पायेगा।

खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नशा मुक्ति के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम से समाज में फैल रहे नशे को समाप्त करने में इस प्रकार के आयोजन साकार होंगे। सरकार जन-जन को इस नशा मुक्ति अभियान से जोड़ते हुए वर्ष 2025 तक प्रदेश को नशा मुक्त प्रदेश बनाए जाने के संकल्प को साकार करने में कामयाब होंगे। उन्होंने कहा कि राज्य में नई खेल नीति लागू की गई है जिससे प्रतिभावान खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त हो रहा है। साथ ही इसका लाभ गरीब तबके के प्रतिभावान को भी मिल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व में आज हर खेल के मैदान में भारत का डंका बज रहा है और हर जगह भारत का झंडा लहरा रहा है। इस अवसर पर आयोजक राम दल के अध्यक्ष कमलेश भट्ट, जिला पंचायत सदस्य बनबसा रेणु अग्रवाल, जिलाधिकारी नरेंद्र सिंह भंडारी, नवीन बोरा, राम सिंह जेठी, पुष्कर कापड़ी, एम आर चंन्द, योगेश चंन्द, प्रशासन के उच्चाधिकारी आदि मौजूद रहे।

## नव निर्वाचित छात्र संघ पदाधिकारियों ने ली पद एवं गोपनियता की शपथ

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि के बिड़ला परिसर में शुक्रवार को नव निर्वाचित छात्र संघ पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। समारोह में पदाधिकारियों ने पद एवं गोपनियता की शपथ ली। मुख्य चुनाव अधिकारी प्रो. आरसी डिमरी ने शपथल दिलाई।बिड़ला परिसर के एसीएल सभागार में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में अध्यक्ष पद पर गौरव मोहन सिंह नेगी, उपाध्यक्ष पद पर रोबिन सिंह, सचिव पद पर सम्राट सिंह राणा, सह सचिव पद पर रंजना, कोषाध्यक्ष पद पर योगेश बिष्ट, विवि प्रतिनिध पद पर अमन पंवार एवं छात्रा प्रतिनिधि(कार्यकारिणी सदस्य छात्रा) पद पर मोनिका चौहान ने शपथ ली। इस दौरान मुख्य चुनाव अधिकारी प्रो. आरसी डिमरी ने सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र दिए व शुभकामनाएं दी। मौके पर डीएसडब्लू प्रो. एमएस नेगी, मुख्य नियंता प्रो.बीपी नैथानी, प्रो. एमएम सेमवाल, प्रो. एनएस पंवार, प्रो. एमके सिंह, डा. विजयकांत पुरोहित, डा.प्रशांत कंडारी आदि शामिल रहे। (एजेन्सी)

## रेल लाइन निर्माण में विस्फोटकों के उपयोग पर रोक लगाने की मांग की

श्रीनगर गढ़वाल : श्रीकोट एवं श्रीनगर के लोगों ने रेल लाइन सुरंग निर्माण में उपयोग किए जा रहे विस्फोटकों पर रोक लगाए जाने की मांग की है। एसडीएम श्रीनगर को दिए ज्ञापन में सभासद संजय कुमार ने कहा है कि श्रीकोट में एडिट-5 में बड़ी मात्रा में बारूद का इस्तेमाल किया जा रहा है।

# सीएम ने शारदा घाट में पूजा कर खुशहाली की कामना की

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को टनकपुर स्थित शारदा घाट पहुंचकर सिंचाई विभाग द्वारा कराए जा रहे बाढ़ नियंत्रण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री घोषणा के अंतर्गत आदि शक्ति मंदिर के समीप घाट निर्माण कार्य एवं घस्यारा मंडी के समीप



निर्माणाधीन तटबंध सहित विभिन्न विकास कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तय समय सीमा पूर्ण गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य पूरे करने के निर्देश दिए। इससे पहले मुख्यमंत्री श्री धामी ने शारदा घाट में विधिवत पूजा अर्चना कर प्रदेश में खुशहाली की कामना की। इस दौरान जिलाधिकारी नरेंद्र सिंह भंडारी, पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पींचा, पालिकाध्यक्ष विपिन वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष निर्मल महरा, प्रदेश मंत्री हेमा जोशी एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

सम्पादकीय

## अतीत से भी नहीं सीखा

उत्तराखंड में फिर एक और सड़क दुर्घटना और 12 लोगों की जिंद्गी खत्म हो गई। उत्तराखंड के पहाड़ी रास्तों में मौत का यह सफर थमने का नाम नहीं ले रहा है। आए दिन पहाड़ी सड़कों पर ऐसी घटनाएं प्रकाश में आती रहती हैं और कई लोग समय से पहले काल का शिकार बन जाते हैं या फिर आंशिक या फिर गंभीर रूप से ताउम्र अपाहिज हो जाते हैं। हमारे पहाड़ी मार्ग आज भी दुर्घटनाओं के संदर्भ में इतने हाईटेक नहीं हो पाए हैं कि दुर्घटनाओं का ग्राफ कम किया जा सके। लगातार दुर्घटनाएं प्रकाश में आ रही हैं और हमारा तंत्र मात्र शोक प्रकट कर या फिर जांच के आदेश देकर अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर लेता है। इस बार जनपद जोशीमठ मैं यह बड़ी घटना प्रकाश में आई है जिसमें टाटा सूमो वाहन में मानक से अधिक यात्री बिठाए गए थे या फिर यह कह सकते हैं कि लादे गए थे। वाहन दुर्घटनाग्रस्त होकर 700 मीटर गहरी खाई में जा गिरा, जिससे उसमें सवार 12 लोगों की मौत हो गई जबकि 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। भूलना नहीं चाहिए कि इससे पूर्व भी बारातियों की एक बस ओवरलोड के कारण ही दुर्घटनाग्रस्त हुई थी जिसमें मृत्यु को की संख्या ने पूरे उत्तराखंड को स्तब्ध कर दिया था। उम्मीद की गई थी कि इन घटनाओं के बाद परिवहन विभाग गया पहाड़ी मार्गों के संबंधित थाने ओवरलोडिंग जैसी प्रवृत्ति पर रोकथाम लगाने में कुछ गंभीरता दिखाएंगे लेकिन आए दिन होने वाली घटनाएं तो यही दर्शा रही है कि तंत्र ने पूर्व की घटनाओं से कुछ नहीं सीखा। वाहनों में मानकों से अधिक यात्रियों को भरने का क्रम जारी है लेकिन कार्रवाई के नाम पर सड़कों से संबंधित विभागीय कर्मचारी गायब हैं। निश्चित तौर पर यदि थोड़ी सी सतर्कता और कड़ाई से पहाड़ी मार्गों पर परिवहन व्यवस्था का संचालन किया जाए तो ऐसी दुर्घटनाओं पर काफी हद तक रोकथाम संभव है। हालांकि वाहन चालकों को भी उन संभावना को ध्यान में रखकर वाहन चलाने चाहिए जिसमें मांगों से अधिक भार क्षमता बड़ी दुर्घटनाओं की संभावनाओं को जन्म देती हैं। पूर्व की घटनाओं का आकलन करें तो अधिकार दुर्घटनाएं ओवरलोडिंग के कारण प्रकाश में आई हैं जबकि वाहनों की फिटनेस एवं चालक रोका कम अनुभव अन्य प्रमुख कारणों में शामिल रहे हैं। अब समय आ गया है कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए राज्य सरकार बड़े पैमाने पर नियम कानूनों में परिवर्तन करें। जब तक सरकार गंभीर नहीं होगी तब तक इस प्रकार की दुर्घटनाओं के बाद फिर शोक व्यक्त करने एवं जांच के आदेश देने के अतिरिक्त और कुछ हासिल होने वाला नहीं है। कुछ जिम्मेदारियां यात्रियों की भी बनती है कि वह अपनी सुरक्षा के प्रति गंभीरता दिखाए एवं और लोडिंग करने वाले चालकों को ऐसा करने से रोके। आखिर जब सवाल जिंद्गी और मौत से जुड़ा हो तो हर नागरिक को सतर्क रहने की जरूरत है।

# मानगढ़ धाम की गौरव गाथा का स्मरण

**अर्जुन राम मेघवाल**

हमारा देश हमारे गौरवान्वित नागरिकों के संपूर्ण सामर्थ्य का उपयोग करते हुए बहुआयामी रूप से विकास की राह पर बड़े कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। आजादी का अमृत महोत्सव स्वयं का विश्लेषण करने और जन चेतना को जागृत करने का सही अवसर है ताकि देश नई ऊंचाइयों को टू सके। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अनेक ऐसी गाथाएं शामिल हैं जो स्वतंत्रता सेनानियों की जागृत चेतना को दर्शाती है जो राष्ट्रवादी आंदोलन में भाग लेने वाले सभी वर्गों को समाहित करती हैं। यशवंचित विस्मृत वीरों और वीरांगनाओं ने मातृभूमि की गरिमा की रक्षा के लिए अपने जीवन का बलिदान दिया था। हाल ही में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर, 15 नवम्बर को मनाए गए द्वितीय श्जनजातीय गौरव दिवसश में जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के पराक्रम और साहसिक त्यों का पुनरूस्मरण कराया गया। 17 नवम्बर का दिन अंग्रेज हुकूमत के अत्याचारों के विरुद्ध लड़ते हुए गोविंद गुरु के नेतृत्व में जनजातीय व्यक्तियों द्वारा किए गए नरसंहार का स्मरण कराता है।

राजस्थान के डूंगरपुर बांसवाड़ा क्षेत्र में एक बंजारा परिवार में जन्मे गोविंद गुरु ने स्वामी दयानंद सरस्वती की शिक्षा को आत्मसात किया और वह सामाजिक-धार्मिक उत्थान के माध्यम से भील जनजातियों को एकजुट करने के लिए सक्रिय हो गए। भारतीय परंपरा और आदर्शों के सच्चे प्रतिपादक के रूप में उन्होंने 25 वर्ष की आयु में सन् 1883 में जनजातीय लोगों के बीच एकता और सौहार्द को बढ़ावा देने के लिए श्संप सभाश की स्थापना की। ये सामाजिक-आर्थिक कदम उसी समय उठाए गए जिस समय ब्रिटिशराज भारत से योजनाबद्ध तरीके से लूटपाट कर रहा था और स्थानीय और स्वदेशी लोगों के हितों के प्रति असंवेदनशील हो गया था। सन् 1903 के बाद से मानगढ़ पहाड़ी इस क्षेत्र के भील और अन्य जनजातीय लोगों के लिए एक मेले के रूप में आयोजित वार्षिक समागम के लिए प्रसिद्ध स्थान बन गया था।


भारत में स्व-शासन की मांग ने 20वीं शताब्दी के पहले दशक में बहुत अधिक जोर पकड़ लिया। फूट डालो और राज करो की नीति और उसके परिणामस्वरूप हुए बंगाल विभाजन तथा धन संपत्ति को देश से बाहर ले जाने की प्रणाली ने ब्रिटिश शासन के नैतिक आधार का भांडाफोड़ कर दिया था। गोविंद गुरु ने भी सूखाध्अकाल प्रभावित परिस्थितियों में जनजातियों से लिए जाने वाले लगान को कम करने और धर्म तथा रीति-रिवाजों का पालन करने में स्वतंत्रता की मांग रखी।

स्वतंत्रता संग्राम के भाग के रूप में, जनजातियां और भील समुदाय अंग्रेजों के विरुद्ध बड़े संघर्ष की तैयारी में जुटे थे। सन 1913 में 17 नवम्बर की पूर्णिमा के दिन मानगढ़ पहाड़ी पर 15 लाख से अधिक भील, गुरु के प्रति अपनी निष्ठा दर्शाते हुए इका ा हुए ताकि वे अपनी आध्यात्मिक इच्छाओं को पूरा कर सकें और ब्रिटिश शासन को समाप्त करने के लिए कोई रास्ता खोज सकें। गैर कानूनी रूप से इका ा किया गया लगान स्पष्ट रूप से अंग्रेजों की दमनकारी नीति और अन्यायपूर्ण त्यों को दर्शाता था। श्भूरेटिया नही मानू रेश (मैं अंग्रेजों के दमनकारी शासन के प्रति कभी भी वफादार होना स्वीकार नहीं करूंगा) गीत जनजातीय लोगों की मुखर अभिव्यक्ति बन गया। अतरू अन्याय के विरुद्ध लडने के लिए गोविंद गुरु का आह्वान ब्रिटिश शासन के विरुद्ध प्रथम सविनय अवज्ञा आंदोलन की नींव साबित हुआ।

इतने बड़े पैमाने पर होने वाली सभा की भनक लगते ही अंग्रेजों ने मानगढ़ पहाड़ी पर 7 कंपनियां तैनात की जिन्होंने पूरी मानगढ़ पहाड़ी को घेर लिया और तोपें भी तैनात कर दीं। गोलियों का भय दिखाते हुए जनजातीय लोगों के हौंसलों को पस्त करने का प्रयास किया। अंग्रेजी हुकूमत ने गोविन्द गुरू और उनके अनुयायी भील समाज के लोगों को मानगढ़ पहाड़ी खाली करने का आदेश दिया। जनता की आध्यात्मिकता द्वारा संवर्धित जागृत चेतना किसी भी प्रकार से अंग्रेजों के प्रति वफादारी स्वीकार करने को तैयार नहीं थी। उनके विश्वास और मातृभूमि की रक्षा करने की भावना ने गोलियों के भय को नजरअंदाज कर दिया। संवेदनहीन अंग्रेजों ने बड़े पैमाने पर गोलीबारी का आदेश दिया और इस अमानवीय त्य के कारण उस दिन 1500 से अधिक जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने प्राण त्याग दिए। अंग्रेजों का नैतिक आचरण लगातार वित होता गया जब उन्होंने 6 वर्षों के बाद जलियांवाला बाग नरसंहार और ऐसे ही अन्य अमानवीय त्यों को अंजाम दिया।

स्वतंत्रता संग्राम के ऐसे विस्मृत वीरों के बलिदानों ने राष्ट्रवादी समुदाय के नैतिक मूल्यों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। इससे स्वतंत्रता को कानूनी और न्यायसंगत आवश्यकता के रूप में देखे जाने का एक नया दृष्टिकोण प्रदान किया। इस भावना ने सभी को स्वतंत्र भारत के लिए कर्तव्यनिष्ठता से अपनी सक्रिय भूमिका निभाने में संपूर्ण रूप से प्रेरित किया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमारे मूल, एकता और कर्तव्यपरायणता पर गर्व करते हुए औपनिवेशिक मानसिकता के अवशेषों को हटाते हुए विकसित भारत के उद्देश्य के साथ अमृत काल के पांच प्रण का आह्वान किया है। राष्ट्र निर्माण हेतु स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीयों की महत्पूर्ण भूमिका पूर्ण रूप से एक प्रेरणादायक गाथा है। जनजातीय संसंति, प्रति संरक्षण और पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली के प्रति उनकी संबद्धता और सौहार्द अनुकरणीय है तथा संभ्रांत वर्ग और विकसित देशों के लिए एक सबक है जिसके माध्यम से कार्बन फुट प्रिंट को कम करने के तौर-तरीकों पर चर्चा की जा सकती है। हाल ही में 01 नवंबर को मानगढ़ पहाड़ी में आयोजित श्मानगढ़ धाम की गौरव गाथा कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राजस्थान, मध्य प्रदेश



राष्ट्रीय जनजातीय केन्द्र के रूप में इसका विकास राष्ट्र निर्माण में जनजातीय योगदान को मान्यता देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। माननीय प्रधानमंत्री जी ने इस अवसर पर घोषणा की कि मानगढ़ धाम का विकास राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश एवं महाराष्ट्र की सरकारों के समन्वित प्रयासों और सहयोग से किया जाएगा। इसके अतिरिक्तआदिवासी समाज के राष्ट्र निर्माण में योगदान एवं देश की स्वतंत्रता में उनके योगदान और बलिदान को रेखांकित करते हुए भारत सरकार द्वारा दस राज्यों यथा - अरूणाचल प्रदेश, मणिपुर, मिजोरम, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, गुजरात, आंध्र प्रदेश, गोवा एवं केरल में जनजाति संग्रहालय विकसित किए जा रहे हैं।

और गुजरात के मुख्यमंत्रियों के साथ, गोविन्द गुरू व बलिदानी भील समाज के वीरों का श्रद्धांजलि देने उपस्थित हुए। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि 1913 में इसी पहाड़ी पर एकत्रित जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के वंशज भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। राष्ट्रीय जनजातीय केन्द्र के रूप में इसका विकास राष्ट्र निर्माण में जनजातीय योगदान को मान्यता देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। माननीय प्रधानमंत्री जी ने इस अवसर पर घोषणा की कि मानगढ़ धाम का विकास राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश एवं महाराष्ट्र की सरकारों के समन्वित प्रयासों और सहयोग से किया जाएगा। इसके अतिरिक्त आदिवासी समाज के राष्ट्र निर्माण में योगदान एवं देश की स्वतंत्रता में उनके योगदान और बलिदान को रेखांकित करते हुए भारत सरकार द्वारा दस राज्यों यथा - अरूणाचल प्रदेश, मणिपुर, मिजोरम, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, गुजरात, आंध्र प्रदेश, गोवा एवं केरल में जनजाति संग्रहालय विकसित किए जा रहे हैं।

भारत के विकास पथ की तुलना किसी भरे गिलास से करें तो जनजातीय विरासत का उल्लेख करना ऐसा ही होगा जैसे आधे भरे गिलास को उलट देना। अब मोदी सरकार द्वारा की गई पहलों से जनजातीय लोग सरकार की मुख्य धारा में विकास एजेंडा में कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रहे हैं। इस गणतंत्र के राष्ट्रपति के रूप में जनजातीय नेता द्रौपदी मुर्मू को पाकर राष्ट्र गौरवान्वित महसूस करता है। केन्द्रीय मंत्रिमंडल परिषद भी 08 जनजातीय मंत्रियों से अलंत है। लक्षित लाभार्थियों तक लाभ पहुंचाते हुए संपूर्ण परिपूर्णता करने के लिए गरीब कल्याण उपाय, जन केन्द्रित नीतियां और सुशासन के दृष्टिकोण ने उनके जीवनयापन को आसान करने की सुविधा प्रदान की है। एकलव्य मोडल आवासीय विद्यालय का निर्माण, आदिवासी विश्वविद्यालय की स्थापना, छात्रों के लिए समर्पित छात्रवृत्ति स्कीम, सिकल सेल एनीमिया को नियंत्रित करने पर विशेष ध्यान, मिशन इन्द्रधनुष, अनुसंधान संस्थानों के माध्यम से जनजातीय विकास, बांस को वृक्ष की परिभाषा से हटाना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य जनजातीय लोगों की क्षमता को विकसित करने में सहायता कर रहे हैं। संशोधनों के माध्यम से अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) सुदृढ़ करने से उनके विरुद्ध अत्याचारों का प्रभावी निवारण हुआ है। समग्र रूप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व के कारण सामाजिक न्याय की एक नई परिभाषा तैयार हो रही है।

आज हम मानगढ़ के शहीदों और विस्मृत वीरों के उत्ष्ट बलिदान को याद करते हुए अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। आइए, समकालीन अंतरराष्ट्रीय चुनौतियों पर एक व्यावहारिक समस्या-निवारक के रूप में, एक वैश्विक नेता के रूप में उभर रहे एक नए भारत के निर्माण हेतु उन स्वतंत्रता सेनानियों की नैतिकता के साथ हम अपने मूल्यों को एक साथ सार्थक करें। आइए, अपने अतीत को जानें, अदम्य विरासत को आगे बढ़ाएं और आने वाली पीढ़ी के लिए एक उज्ज्वल भविष्य प्राप्त होने हेतु सांसतिक मूल्यों से सीख प्राप्त करें। यह एक विकसित भारत के निर्माण के लिए सोच समझकर चिंतन-मनन करने और कार्य करने का समय है।

**लेखक केंद्रीय संसति और संसदीय कार्य राज्य मंत्री, एवं बीकानेर से लोकसभा सांसद हैं**

# अपने हित की बात

पश्चिमी देशों की रूस के कच्चे तेल की कीमत पर सीमा लगाने की योजना है। इसके तहत वे देश यह तय करेंगे कि रूसी तेल किस कीमत पर बिके। मगर भारत ने साफ किया है कि वह ये शर्त नहीं मानने जा रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी-20 शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए वहां जुटे नेताओं को उचित आगाह किया कि वे दूसरे देशों की ऊर्जा सुरक्षा को बाधित करने वाले कदम ना उठाएं। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट रूप से नहीं कहा कि वे ये बात किस संदर्भ में कह रहे हैं, लेकिन वहां मौजूद तमाम लोगों को इसका मतलब साफ समझ में आया। मोदी का इशारा पश्चिमी देशों की अगले पांच दिसंबर से रूस के कच्चे तेल की कीमत पर सीमा लगाने की योजना है। इसके तहत वे देश यह तय करेंगे कि रूसी तेल किस कीमत पर बिके। जो देश उस कीमत पर खरीदेंगे, उन्हें पश्चिमी प्रतिबंधों से टूट रहेगी। लेकिन जो देश रूस की तरफ से तय कीमत पर तेल खरीदेंगे, उन्हें प्रतिबंधों का सामना करना पड़ेगा। मगर भारत पश्चिम की यह शर्त नहीं मानने जा रहा है, यह संकेत वह पहले भी दे चुका है। कुछ रोज पहले अमेरिका की वित्त मंत्री जेनेट येलेन दिल्ली आई थीं, तो उनकी टिप्पणी से साफ हुआ कि भारत ने उनके देश की ये शर्त दो टूक ठुकरा दी है।

लाचारी के भाव के साथ येलेन ने नई दिल्ली में कहा कि भारत जिस कीमत पर चाहे, वह तेल खरीद सकता है, लेकिन उसे पश्चिमी बीमा कंपनियों, मालवहन और अन्य सुविधाएं नहीं मिलेंगी। तो अब जो शिखर सम्मेलन खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा को सुनिश्चित करने के नाम पर हो रहा है, वहां मोदी ने दो टूक कहा है कि पश्चिमी देश ऊर्जा सुरक्षा को अपने नजरिए से देखने का तरीका छोड़ें। भारत की ऊर्जा सुरक्षा रूस से तेल खरीदने में है- वह पिछले नौ महीनों से यही कर रहा है और आगे भी करता रहेगा। कहा जा सकता है कि जी-20 के विश्व मंच का उपयोग मोदी ने भारतीय हित को व्यक्त करने के लिए किया है। अमेरिका के नजरिए से विश्व व्यवस्था को देखने की भारी कीमत इस समय यूरोपीय देश चुका रहे हैं।

लाचारी के भाव के साथ येलेन ने नई दिल्ली में कहा कि भारत जिस कीमत पर चाहे, वह तेल खरीद सकता है, लेकिन उसे पश्चिमी बीमा कंपनियों, मालवहन और अन्य सुविधाएं नहीं मिलेंगी। तो अब जो शिखर सम्मेलन खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा को सुनिश्चित करने के नाम पर हो रहा है, वहां मोदी ने दो टूक कहा है कि पश्चिमी देश ऊर्जा सुरक्षा को अपने नजरिए से देखने का तरीका छोड़ें। भारत की ऊर्जा सुरक्षा रूस से तेल खरीदने में है- वह पिछले नौ महीनों से यही कर रहा है और आगे भी करता रहेगा। कहा जा सकता है कि जी-20 के विश्व मंच का उपयोग मोदी ने भारतीय हित को व्यक्त करने के लिए किया है। अमेरिका के नजरिए से विश्व व्यवस्था को देखने की भारी कीमत इस समय यूरोपीय देश चुका रहे हैं। हाल में उनमें भी इस बात का अहसास जगा दिखता है। वैसे मौके पर भारत जैसे अपने हित की उपेक्षा करें, यह कतई उचित नहीं है। इसलिए विकासशील देशों के अंदर प्रधानमंत्री के इस हस्तक्षेप का स्वागत किया जाएगा।

# कमलनाथ जन्मदिन,ज़नता व जिले की चिन्ता करने वाला नेता

**गोविन्द चौरसिया**

कमलनाथ 1979 में पहली बार छिंदवाड़ा आये थे, उस समय इंदिरा गांधी और संजय गांधी भी थे, उस समय उनकी उम्र 33 वर्ष की थी, वे अब 76 वर्ष के हो रहे है। वे टिंदवाड़ा के निवासी हो गये और उन्हें 43 वर्ष हो गये जब वे टिंदवाड़ा आये थे तो कांग्रेस के नेता पाशंकर भार्गव के बगले में रूके थे, 1980 का पहला चुनाव संचालन उन्होने वहीं से किया था, चूकि संजय गांधी के मित्र थे, उन्हें टिंदवाड़ा में इंदिरा गांधी के तीसरे बेटे के रूप में प्रस्तुत किया था, 1977 में देश में कांग्रेस ने दो सीटे जीती थी, जिसमें एक छिंदवाड़ा थी, यहां से नागपुर के निवासी गार्गीशंकर चुनाव जीते थे उन्हें टिंदवाड़ा से हटाना मुश्किल था, किन्तु संजय गांधी के कारण छिंदवाड़ा से हटाकर उन्हें सिवनी से लड़ाया गया, टिंदवाड़ा से कमलनाथ एवं सिवनी से गार्गीशंकर दोनों ही जीत गये थे।

उस समय वे बहुत पावरफुल थे प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी और कमलनाथ के प्रभाव से जिले के चार विधायक प्रदेश सरकार में मंत्री बने, जिसमें विजय पाटनी, रेवनाथ चौरे, हाजी ईनायत और श्यामलाल वाल्मिकी थे।

कमलनाथ संजय गांधी को टिंदवाड़ा लाना चाहते थे, उसके लिए उन्होने टिंदवाड़ा में हवाई पट्टी बनवाई, किन्तु दुर्भाग्य था कि संजय गांधी की दुर्घटना में मौत हो गई।

चूकि कमलनाथ उद्योगपति परिवार से थे, इसीलिए जिले के विकास का उनका अपना नजरिया था और छिंदवाड़ा के विकास की बहुत सी योजनायें लाई, चूकि प्रदेश में कांग्रेस का मंत्री मण्डल था,इसीलिए वे टिंदवाड़ा के मुख्यमंत्री कहलाते थे, उनकी बगैर मर्जी के छिंदवाड़ा में कुछ होता नहीं था।

चुनाव जीतने के बाद वे पहली बार टिंदवाड़ा भोपाल होते हुये आये तो उनके स्वागत में उस समय लगभग 100 जीप एवं गाडियां, मंत्री एवं प्रशासन उपस्थित था। कन्हरगांव परियोजना उनकी पहली उपलब्धि है, मुख्यमंत्री अर्जुनसिंह ने उस समय उसका उद्घाटन किया था, कन्हरगांव पेयजल परियोजना नगर को पानी पिला रही है।

1980 में छोटी रेल लाईन छिंदवाड़ा में थी, कमलनाथ ने टिंदवाड़ा से परासिया छोटी लाईन बड़ी रेल लाईन में बदलवाया और टिंदवाड़ा से भोपाल रेल चली, वे छिंदवाड़ा -नागपुर बड़ी रेल लाईन में बदलना चाहते थे किन्तु इंदिरा गांधी तैयार नहीं हुई।

### जब राजयोग होता है तब सत्ता मिलती है

**छिंदवाड़ा। राजनीति में जब राजयोग होता है तब ही पद मिलता है, टिंदवाड़ा ऐसा जिला है, जहां से पिता, पत्नि और बेटा सांसद एवं विधायक रहे हैं। टिंदवाड़ा से कमलनाथ, फिर उनकी पत्नि श्रीमती अलका नाथ एवं उनका बेटा नकुलनाथ सांसद है।इसी तरह सौंसर विधानसभा से स्व.रेवनाथ चौरे, उनकी पत्नि श्रीमती कमला चौरे उनके पुत्र अजय चौरे एवं अब विजय चौरे विधायक है।**

प्रदेश में एवं केन्द्र में लम्बे समय तक कांग्रेस की सरकार रही तो उन्होने बहुत सी योजनाओं को टिंदवाड़ा जिले में लाया। टिंदवाड़ा जिले में सड़कों, पेयजल, बिजली, व उद्योग में बहुत काम हुये। जो प्रदेश के अन्य जिलों में नहीं हुये। वे छिंदवाड़ा जिले से लगातार जीतते रहे उनके प्रचार में इंदिरा गांधी भी टिंदवाड़ा आई थी, उनका फिर दुर्भाग्य था इंदिराजी की हत्या हो गई।

राजीव गांधी प्रधान मंत्री बने, वे भी छिंदवाड़ा आये, कमलनाथ जिले के विकास के बारे में नई-नई योजनायें लाते रहे और देश-विदेश में टिंदवाड़ा का नाम करते रहे, जब भी वे विदेश जाते तो हमेशा टिंदवाड़ा का नाम हमेशा लेते, देश में कमलनाथ को लोग टिंदवाड़ा के नाम से जानते हैं। कमलनाथ के मित्र जीटी्व्ही के मालिक सुभाष चन्द्रा मुझे एक कार्यक्रम में धनवाद में मिले तो मैने बताया कि मैं छिंदवाड़ा से हूं तो उन्होने कहा कमलनाथ, मैने कहा हां, तो उन्होने कहा कि वे मेरे मित्र है।

कमलनाथ ने देश-विदेश के बहुत से नेताओ, विद्वानों एवं दोस्तों को छिदवाड़ा लाया और उन्हे छिंदवाड़ा का विकास दिखाया। वे हमेशा कहते है कि मैं छिंदवाड़ा वोटो से नहीं, टिंदवाड़ा के लोगों के प्यार के कारण जीतता हूं। टिंदवाड़ा में कमलनाथ का अपना 100 एकड़ में बंगला एवं फार्म हाऊस है। जहां उनका अपना हेलीपेड भी है। उन्होने मोरारी बापू एवं राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी को भी टिंदवाड़ा लाकर जनता से मिलवाया।

कमलनाथ प्रदेश के मुख्यमंत्री बनना चाहते थे, उनकी पुरानी इच्छा थी, परिस्थितियां बदली और वे प्रदेश के मुख्यमंत्री बने किन्तु उनकी सरकार डेढ़ वर्ष ही चल पाई और भाजपा की सरकार बन गई, कांग्रेस की सरकार बनते ही उन्होने छिदवाड़ा जिले के लिए अनेकों योजनाओं को लाया और बजट भी दिया, किन्तु भाजपा सरकार ने सभी योजनाओं को रोक दिया।

उन पर यह भी आरोप लगता रहा कि वे प्रदेश नहीं टिंदवाड़ा के मुख्यमंत्री है, उन्होने इसकी चिन्ता नहीं कि और जिले के विकास में एक तरफा निर्णय लिया और विरोध की चिन्ता नहीं की। उन्होने शिक्षा के क्षेत्र में बहुत काम किया और हजारों युवाओं नौकारी दिलवाई। वे चुनाव मैनेजमेन्ट प्रसिद्ध खिलाड़ी है कैसे चुनाव मैनेजमेन्ट किया जाता है उन्हें मालूम है, वे किसी भी चुनाव को गम्भीरता से लेते है, उन्हे पता है पद रहेगा तो सरकार में पूछ परख होगी, इसीलिए वे जिले में सांसद एवं विधायकों के चुनाव को बहुत गम्भीरता से लेते, कमलनाथ जिले के एक मात्र ऐसे नेता है, जिन्हें जिले की एक एक सड़क एवं गांव की जानकारी है, उन्हें जिले का जितना अध्ययन है उतना किसी को नहीं है।

मुख्यमंत्री बनने के लिए उन्होने सांसद की सीट छोड़ कर विधायक बने और अपने बेटे नकुलनाथ को सांसद बनवाया, आगामी विधानसभा चुनाव अगले वर्ष है जिसके लिए उन्होने अभी से योजना बनाना प्रारम्भ कर दी है। नकुलनाथ और कमलनाथ दोनों ही समय-समय पर टिंदवाड़ा आते है और संगठन पर नजर रखे हुये रहते है।

1979 से 2022 तक जिले में बहुत परिवर्तन हुआ, जिला विकास के नाम पर प्रदेश में अग्रणी है। कमलनाथ एक ऐसे नेता जो जिले की जनता के प्रिय है, और हमेशा जिले एवं आम जनता की चिन्ता करते हैं। उनके 76वे जन्मदिन पर बधाई एवं शुभकामनायें वे स्वस्थ्य रहें एवं दीर्घायु हो।


# बिजली बिल में छूट से घर रोशन के साथ अन्य आवश्यकतायें भी हो रहीं पूरी

**नितिन शर्मा**

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संचालित हाफ बिजली बिल योजना से राज्य के सभी घरेलू उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिल रही है। 01 मार्च 2019 से प्रतिमाह खपत की गई 400 यूनिट तक की बिजली पर प्रभावशील विद्युत की दर का आधा बिल भेजा जा रहा है। सितंबर 2022 की स्थिति में इस योजना के अंतर्गत 4184 लाख घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को लाभ दिया जा रहा है । विगत 04 वर्षों में योजना के अंतर्गत रु 3151 करोड़ की टूट दी गई है। उक्त योजना लागू होने से प्रदेश के घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं का विद्युत देयक आधा हो जाने के कारण निम्न एवं मध्यम वर्ग के उपभोक्ता बचत की राशि से अन्य आवश्यकताओं की पूर्ति करने में सक्षम हुए हैं।

शासन द्वारा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के किसानों के लिए विद्युत खपत की कोई सीमा नहीं रखी गई है। उनके द्वारा खेती में उपयोग की जा रही पूरी बिजली को निरूशुल्क रखा गया है। इस योजना के अंतगर्त पात्र षकों को 3 अश्वशक्ति तक षि पम्प के बिजली बिल में 6000 यूनिट प्रति वर्ष एवं 3 से 5 अश्वशक्ति के षि पम्प के बिजली बिल में 7500 यूनिट प्रति वर्ष टूट दी जा रही है।

उपरोक्तटूट के अतिरिक्तषकों को फ्लेट रेट दर पर बिजली प्राप्त करने का विकल्प भी दिया गया है। फ्लेट रेट विकल्प चुनने वाले किसानों को उनके द्वारा की गई विद्युत खपत की कोई सीमा न रखते हुए, मात्र 100ध्-प्रतिमाह प्रति अश्वशक्ति की दर से बिजली बिल का भुगतान करना होगा। शासन द्वारा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के किसानों के लिए



विद्युत खपत की कोई सीमा नहीं रखी गई है। उनके द्वारा खेती में उपयोग की जा रही पूरी बिजली को निरूशुल्क रखा गया है। योजना का विस्तार करते हुए अगस्त 2018 से फ्लेट रेट की सुविधा राज्य के समस्त किसानों के सभी सिचाई पम्पों पर बिना पम्प की क्षमता के सीमा के उपलब्ध करायी जा रही है। इसके अन्तर्गत किसानों को 5 अश्व शक्ति तक द्वितीय पम्प के लिए रू. दो सौ रूपये प्रति अश्व शक्ति प्रतिमाह 5 अश्व शक्ति से अधिक प्रथम एवं द्वितीय पम्प के लिए रू. दो सौ रूपये प्रति अश्व शक्ति प्रतिमाह 5 अश्व शक्ति एवं 5 अश्व शक्ति से अधिक तृतीय एवं अन्य पंप के लिए रू तीन सौ रूपये प्रति अश्व शक्ति प्रतिमाह की दर से बिल भुगतान हेतु सुविधा प्रदान की गई है। विगत 04 वर्षों में योजना के अंतर्गत रू 10,432 करोड की टूट दी गई है।

कृषि पंपों के ऊर्जीकरण प्रति पंप एक लाख रू एवं अधिकतम 150 लाख तक अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है। विगत 04 वर्षों में 534 करोड़ व्यय कर 64,918 पंपों के लाईन विस्तार कार्य पूर्ण किये गये है। गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों को प्रत्येक माह 30 यूनिट तक निरूशुल्क विद्युत प्रदाय किया जाता है। इन बी0पी0एल0 कनेक्शनधारियों के 30 यूनिट खपत के विद्युत देयक राशि का प्रतिपूर्ति राज्य शासन द्वारा किया जाता है। विगत 04 वर्षों में योजना के अंतर्गत रू 1,973 करोड़ की टूट दी गई है।

## इथियोपिया ने राष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोधी समिति गठित की

**अदीस अबाबा ,एजेंसी।** इथियोपिया सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार के अभियान का समन्वय करने के लिए राष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोधी समिति के गठन की घोषणा की है। इथियोपिया के प्रधानमंत्री अबी अहमद ने समिति के गठन की घोषणा की। उन्होंने भ्रष्टाचार के मौजूदा खतरे के स्तर पर जोर देते हुए कहा कि यह देश के सामाजिक-आर्थिक विकास और शासन संरचना को प्रभावित कर रहा है।

श्री अहमद ने सात सदस्यीय समिति के सदस्यों की भी घोषणा की, जिसमें इथियोपिया के न्याय मंत्री गेडियन टिमोथेवोस और राष्ट्रीय खुफिया और सुरक्षा सेवा (एनआईएसएस) के महानिदेशक टेमेस्जेन तिरुनेह शामिल हैं। उन्होंने भ्रष्टाचार को देश को अंदर से खाने वाला और उसके संसाधनों को नष्ट करने वाला कीट बताया और कहा कि कुछ भ्रष्ट अधिकारी लालची दलालों और निवेशकों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं, जो देश को नष्ट कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में भ्रष्टाचार इथियोपिया की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है।

## घर में रखे ईंधन से लगी भीषण आग

गाजा , एजेंसी। उत्तरी गाजा पट्टी में एक रिहायशी इमारत में भीषण आग लगने से सात बच्चों सहित कम से कम 21 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई और 30 से अधिक अन्य घायल हो गए। यह जानकारी सुरक्षा और चिकित्सा सूत्रों ने दी। घायलों में से कुछ की हालत गंभीर है। जबालिया शरणार्थी शिविर के ताल-जातर इलाके में लगी आग में मरने वालों की संख्या बढने की आशंका है।

फिलिस्तीनी नागरिक सुरक्षा बल ने एक बयान में घोषणा की कि उसने बचाव दलों और कई सुरक्षा कर्मियों को घटनास्थल पर भेजा है। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि आग पर काबू पाने के लिए नागरिक सुरक्षा कर्मियों ने घंटों प्रयास किया। गाजा में आंतरिक मंत्रालय ने एक बयान में कहा गया है कि प्रारंभिक जांच से संकेत मिलता है कि इमारत के अंदर बड़ी मात्रा में रखे ईंधन के कारण आग लगी।

स्थानीय सूत्रों और चश्मदीदों ने कहा कि आवासीय इमारत अबू रायाह परिवार की थी।

## अंतरिक्ष की दुनिया में भारत ने लिखा नया इतिहास, निजी रॉकेट विक्रम-एस, ने भरी सफल उड़ान

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** अंतरिक्ष की दुनिया में भारत ने आज एक नया इतिहास लिख दिया है। पहली बार देश में निजी स्पेस कंपनी द्वारा बनाया गया रकेट विक्रम-एसए सफलतापूर्वक लन्च हो गया। इसने इंडियन स्पेस प्रोग्राम को एक अलग ऊंचाई पर पहुंचा दिया है। श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन स्पेस सेंटर से आज सुबह 1130 बजे अंतरिक्ष की दुनिया में नया इतिहास लिखा गया है। हैदराबाद की निजी स्पेस कंपनी स्काईरूट एयरोस्पेस के रकेट विक्रम-एस ने सफल उड़ान भरी। रकेट आवाज की गति से पांच गुना ज्यादा स्पीड से अंतरिक्ष की ओर गया।

## पुलिस के साथ मुठभेड़ में बदमाश गिरफ्तार

**नोएडा ,एजेंसी।** थाना फेस-3 पुलिस व बदमाश के बीच बीती रात पर्थला पुश्ता रोड के पास मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में घरों में घुसकर चोरी करने वाला बदमाश योगेश (थाना सिकंदराबाद, जिला बुलंदशहर) को गोली लगने के बाद घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया गया। उस पर घरों में घुसकर चोरी करने के 16 मामले दर्ज हैं। अप्रैल 2022 में हुए एक एनकाउंटर से योगेश बचकर फरार हो गया था। जबकि इसके दो साथी पकड़े गए थे। पुलिस ने योगेश के कब्जे से चोरी की 1 मोटरसाइकिल, 1 तमंचा 315 बोर, 1 जिंदा व 1 खोखा कारतूस बरामद किया। घायल बदमाश को जिला अस्पताल भेजा गया है।

# कोर्ट का आदेश- आफताब का पांच दिन में हो नार्को टेस्ट

### थर्ड डिग्री का इस्तेमाल नहीं करेगी पुलिस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** श्रद्धा वालकर हत्याकांड में दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को आरोपित आफताब का नार्को टेस्ट पांच दिन के भीतर कराने का आदेश दिया है। साथ ही कहा कि आरोपित पर थर्ड डिग्री का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा। मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट विजयश्री राठौड़ ने जांच अधिकारी (आईओ) को पांच दिनों के भीतर रोहिणी की फरेंसिक साइंस लेबोरेटरी में आरोपित का नार्को एनालिटिक टेस्ट कराने की अनुमति देने का निर्देश दिया।

साकेत कोर्ट ने आफताब को बृहस्पतिवार को पांच दिन की दिल्ली पुलिस की हिरासत में भेज दिया। साथ ही कोर्ट ने नार्को टेस्ट की मंजूरी दी थी। पुलिस ने अदालत को बताया कि वह जांच के लिए आरोपित को उत्तराखंड और हिमाचल ले जाएगी। जानें क्ष्या है नार्को टेस्ट, क्ष्या है पूरी प्रक्रियाय कानूनी रूप से यह कितना सही?

पुलिस सूत्रों के मुताबिक,



आफताब ने दो साल पहले भी श्रद्धा की हत्या की कोशिश की थी। तब भी मामला पुलिस तक पहुंचा था। उस वक्त श्रद्धा, आफताब से अलग होने की सोचने लगी थी। हालांकि, शातिर आफताब ने भावनात्मक रूप से श्रद्धा को ब्लैकमेल कर मना लिया था। श्रद्धा मुंबई के एक कल सेंटर में आफताब से मिली थी। 2019 में श्रद्धा एक दिन अचानक आफताब को लेकर अपने घर आ गई थी और उसने मां से कहा था कि वह उसके साथ कहीं लिव इन रिलेशनशिप में रहना चाहती है। बेटी की यह बात सुनकर उसकी मां चौंक गई थी। उन्होंने समझाते हुए श्रद्धा से कहा था कि यहां अंतर धार्मिक विवाह नहीं हो सकता है। इसपर टूटते ही श्रद्धा ने कहा था कि मैं 25 साल की हो गई हूं। मुझे अपने फैसले लेने का पूरा अधिकार है। मुझे आफताब के साथ ही रिलेशनशिप में रहना है। मैं आज से आपकी बेटी नहीं हूं और अपने माता-पिता को छोड़कर दिल्ली रहने आ गई थी।

2021 में मां के निधन के बाद श्रद्धा ने अपने पिता से सिर्फ दो बार ही बात की थी। जब काफी दिनों तक पिता की बेटी श्रद्धा से बात नहीं हुई (और सोशल मीडिया पर अपडेट नहीं था) तो उन्होंने सितंबर में ही मानिकपुर थाने में पुलिस से शिकायत की। फिर दिल्ली में श्रद्धा का पता चलने पर मुंबई पुलिस ने दिल्ली पुलिस से जांच में मदद मांगी। दिल्ली पुलिस ने जब आरोपित को गिरफ्तार किया तो पता चला कि श्रद्धा उसके साथ शादी करना चाहती थी और आफताब शादी से लगातार इनकार कर रहा था। इसी कारण दोनों में झगड़ा होता था। इसी बीच 18 मई को आरोपित ने श्रद्धा की गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद हत्या को छिपाने के लिए मृतका के शरीर को कई हिस्सों में काटकर रेफ्रिजरेटर में रख दिया। चूंकि लड़के ने रस-ोइए की पढ़ाई की थी और उसे मीट वगैरह संरक्षित करके रखने के बारे में जानकारी थी। इसी के चलते उसने मृतका के शरीर को संरक्षित करके रख लिया।

## इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आईपीएस अधिकारी की पुलिस हिरासत से किया इनकार

लखनऊ ,एजेंसी। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊपीठ ने भ्रष्टाचार के एक मामले में पूछताछ के लिए दागी आईपीएस अधिकारी मणिलाल पाटीदार को पुलिस हिरासत में देने से इनकार कर दिया है। पीठ ने कहा, यद्यपि भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम अदालत, लखनऊ के विशेष न्यायाधीश ने पूछताछ के लिए पुलिस हिरासत नहीं देने में त्रुटि की, लेकिन वह इस स्तर पर पुलिस हिरासत नहीं दे सकते, क्योंकि सीआरपीसी की धारा 167 (2) के बाद पुलिस हिरासत देने पर रोक लगा दी गई है। पुलिस अफसर की 15 दिनों की न्यायिक हिरासत की अवधि, 13 नवंबर को समाप्त हो गई।

न्यायमूर्ति बीआर. सिंह ने राज्य सरकार द्वारा दायर पुनरीक्षण याचिका पर आदेश पारित किया, जिसमें 9 नवंबर के आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें विशेष अदालत ने पाटीदार को पूछताछ के लिए हिरासत में देने की पुलिस की याचिका को खारिज कर दिया था।

# भारतीय-अमेरिकी सुनील कुमार बने टफ्ट्स यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष

**न्यूयार्क ,एजेंसी।** भारतीय-अमेरिकी शिक्षाविद् सुनील कुमार को मैसाचुसेट्स स्थित टफ्ट्स विश्वविद्यालय का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। प्रोवोस्ट और जन्स हपकिन्स विश्वविद्यालय में शैक्षणिक मामलों के वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुमार अगले साल 1 जुलाई को राष्ट्रपति एंथनी पी. मोनाको का स्थान लेंगे। पीटर डोलन, न्यासी बोर्ड के अध्यक्ष और राष्ट्रपति की खोज समिति के अध्यक्ष ने कहा, टफ्ट्स में उच्च शिक्षा में उत्ष्टता के लिए एक नेता, शिक्षक और सहयोगी के रूप में सुनील कुमार का एक असाधारण रिकर्ड हैं। डोलन ने एक बयान में कहा, वह राष्ट्रपति मोनाको के एक उत्ष्ट उत्तराधिकारी होंगे, जिन्होंने 11 वर्षों में टफ्ट्स को मजबूत किया है। नागरिक जुड़ाव और नवाचार के साथ-साथ अनुसंधान और सीखने की सुनील की प्रतिबद्धता, टफ्ट्स के मिशन को आगे ले जाने में मदद करेगी।कुमार जन्स हपकिंस विश्वविद्यालय के नौ स्कूलों के अकादमिक मिशन की देखरेख करते हैं और अंतरू विषय अनुसंधान और शिक्षा को बढ़ाने, छात्र अनुभव को बढ़ाने और विविधता, इक्विटी और समावेशन प्रयासों को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

टफ्ट्स की वेबसाइट पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कुमार ने कहा, मेरे लिए एक पुलिस अधिकारी के बेटे के रूप में कुछ और करना संभव नहीं होता। सामर्थ्य मेरे लिए एक सैद्धांतिक अवधारणा नहीं है।उन्होंने कहा, और मैं चाहूंगा कि और भी लोगों को समान अवसर मिले। विविधता और समावेश अपरिहार्य मूल्य हैं।कुमार का अकादमिक करियर स्टैनफोर्ड ग्रेजुएट स्कूल अफ बिजनेस में अध्यापन से शुरू हुआ, जहां वे बाद में संचालन, सूचना और प्रौद्योगिकी के फ्रेड एच मेरिल प्रोफेसर थे।

# सतेंद्र जैन को तुरंत बर्खास्त करें अरविंद केजरीवाल : आदेश गुप्ता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने आम आदमी पार्टी को भ्रष्टाचार की खान बताते हुए कहा है कि सतेंद्र जैन की जमानत की याचिका सिर्फ खारिज नहीं हुई है, बल्कि कोर्ट ने उन्हें प्रथम द्दष्टया मनी लाड्रिंग में शामिल भी माना है। उन्होंने कहा कि इससे साफ पता चलता है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अपने मंत्रियों से पैसा उगाही का काम करवा रहे हैं और सतेंद्र जैन से उसे ठिकाने लगाने का काम कर रहे थे। आदेश गुप्ता ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री ने भ्रम फैलाने के लिए कुछ दिन पहले ही एक टीवी चौनल में कहा था कि सतेंद्र जैन पर क्या आरोप है, ये किसी को पता नहीं, लेकिन अब कोर्ट ने भी कह दिया है कि वो प्रथम द्दष्टया अपराध में शामिल दिखते हैं तो क्या अरविंद केजरीवाल सतेंद्र जैन को मंत्रीपद से बर्खास्त करेंगे या उन्हें दिल्ली की सरकार में पद पर बनाएं रखेंगे? उन्होंने कहा कि सतेंद्र जैन ने केजरीवाल सरकार के भ्रष्टाचार की कमाई को सफेद करने के लिए ये सब काम किया है। अरविंद केजरीवाल और उनके मंत्री विधायक सभी कमाई में लगे हुए हैं। एक मंत्री शराब की दुकानें खोलकर पैसा उगाही में लगा हुआ है तो दूसरा बसें खरीदने में कमीशन खा रहा है। इतना ही नहीं अपने को कट्टर ईमानदार कहने वाली ये पार्टी नगर निगम में टिकट भी बेच रही है। इन्होंने अपने कार्यकर्ताओं को टिकट देने की बजाए बोली लगाकर टिकटें बेची हैं। इनके दो दो विधायक इस पूरे कांड में दोषी है। मैं पूछना चाहता हूं कि क्या अरविंद केजरीवाल अब भी अपने को कट्टर ईमानदार कहते रहेंगे।

## राजीव गांधी हत्याकांड: केंद्र ने फैसले के खिलाफ एससी में दायर की पुनर्विचार याचिका

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** केंद्र सरकार ने राजीव गांधी हत्याकांड के सभी दोषियों को रिहा करने के शीर्ष अदालत के 11 नवंबर के आदेश के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दायर की है।

सरकार ने अपनी याचिका में कहा, देश के पूर्व प्रधानमंत्री की हत्या के जघन्य अपराध के लिए देश के कानून के तहत दोषी विदेशी राष्ट्र के आतंकवादी को टूट देने का अंतरराष्ट्रीय प्रभाव होगा। इसलिए इतने गंभीर मामले में भारत सरकार का पक्ष जानना बेहद जरूरी था।केंद्र ने ने अपनी याचिका में कहा कि उसे इस मामले पर बहस करने का मौका नहीं मिला और न्यायालय का आदेश कानूनी रूप से त्रुटिपूर्ण है।

# पेलोसी ने पहली महिला यूएस स्पीकर के रूप में ऐतिहासिक कार्यकाल पूरा किया

वाशिंगटन ,एजेंसी। अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की पहली महिला अध्यक्ष नैन्सी पेलोसी ने अपना ऐतिहासिक कार्यकाल पूरा किया और घोषणा की कि वह अब सिर्फ एक सदस्य के रूप में बनी रहेंगी। पेलोसी को अक्सर अमेरिकी राजनीति में सबसे शक्तिशाली महिला के रूप में जाना जाता है। पहले से उम्मीद की जा रही थी कि वह मध्यावधि चुनाव के बाद नई कांग्रेस बनते ही पद छोड़ देंगी। उनके इस्तीफे की घोषणा पर उनकी पार्टी के कई सांसदों ने आंसू बहाए और समाचार साइटों और टीवी समाचार मीडिया पर बैनर की सुर्खियां बटोरीं।

स्पीकर पेलोसी ने हाउस फ्लोर पर एक बहुप्रतीक्षित भाषण में कहा, अब नई पीढ़ी के लिए डेमोक्रेटिक ककस का नेतृत्व करने का समय आ गया है, जिसका मैं बहुत सम्मान करती हूं। मैं आभारी हूं कि इतने सारे लोग इस बड़ी जिम्मेदारी को उठाने के लिए तैयार हैं।

उन्होंने कहा कि वह जनवरी 2023 में सदन में डेमोक्रेटिक ककस की प्रमुख के रूप में फिर से चुनाव नहीं लड़ेंगी और सिर्फ एक सदस्य के रूप में रहेंगी और सलाह के लिए पार्टी नेतृत्व के लिए उपलब्ध रहेंगी। मध्यावधि चुनाव में डेमोकेट्र्स ने रिपब्लिकन पार्टी के हाथों सदन का नियंत्रण खो दिया और पेलोसी के उत्तराधिकारी को आधिकारिक तौर पर अल्पसंख्यक नेता कहा जाएगा।

पेलोसी अपने जीवन पर महात्मा गांधी का प्रभाव मानती हैं। उन्होंने 2019 में गांधी जयंती समारोह में मार्टिन लूथर किंग जूनियर के गांधी के सत्याग्रह और अहिंसक संघर्ष की अवधारणा से प्रेरित होने का जिक्र करते हुए कहा था कि महात्मा गांधी ने दुनिया में और हमारे देश में सभी भेदभाव मिटाने की भावना पैदा की।

पेलोसी ने कहा था, यह हम पर एक कर्ज है जो हमें भारत को चुकाना है।

अध्यक्ष ने कई बार भारत का दौरा किया है। एक प्रसिद्ध चीन-आलोचक होने के नाते, उन्होंने 2008 और 2007 में धर्मशाला में दलाई लामा से मुलाकात की थी, जिससे बीजिंग नाराज हो गया था। लेकिन यात्राओं को लेकर चीन के नखरों से वह कभी विचलित नहीं हुईं। चीनी जवाबी कार्रवाई की चीनी धमकियों के बावजूद उन्होंने इस साल की शुरुआत में ताइवान की यात्रा की।पेलोसी ने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ तिरस्कार का व्यवहार किया।

## धनबाद में अवैध खनन के दौरान जमीन धंसी, 25-30 लोग मलबे में दबे

**धनबाद ,एजेंसी।** झारखंड के धनबाद में जमीन धंसने से 25-30 लोगों की मलबे में दबे होने की खबर सामने आई है। घटना जिले के ईसीएल मुगमा क्षेत्र अंतर्गत कापासारा आउट-सोर्सिंग कोलियरी की है। यहां शुक्रवार तड़के अवैध खनन के दरम्यान चाल धंस गई। 100 मीटर के दायरे में भू-धंसान हुआ है। घटना को लेकर स्थानीय लोगों में दहशत है। पूरे रास्ते में चौड़ी-चौड़ी दरारें हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक घटना को ढाई घंटे बीत चुके हैं लेकिन पुलिस नहीं पहुंची है। अधिकारियों ने भी सुध नहीं ली है।मलबे में 2 दर्जन से ज्यादा लोगों के फंसे होने की आशंका है लेकिन स्थानीय प्रशासन फिलहाल इस बात से इनकार कर रहा है। किसी के भी मौत की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

# राजस्थान के कुछ जिलों में युवा लड़कियों को गलत काम के लिए किया जा रहा मजबूर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजस्थान के सवाई माधोपुर, भीलवाड़ा और भरतपुर जैसे कई जिलों में युवा लड़कियों को गलत काम के लिए मजबूर किया जा रहा है। यहां के सर्वे में राष्ट्रीय महिला आयोग की एक टीम ने पाया है कि इन क्षेत्रों में स्टांप पेपर पर महिलाओं की नीलामी की जा रही थी। महिला आयोग (छ्ब्) ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि उसने मीडिया में आई उन खबरों का संज्ञान लिया है जिनमें कहा गया है कि राजस्थान के भीलवाड़ा इलाके में कर्ज चुकाने को लेकर विवाद में कथित तौर पर युवतियों की स्टांप पेपर पर नीलामी कर मामले सुलझाए गए। मामले की जांच के लिए आयोग द्वारा दो सदस्यीय फैक्ष्ट फाइंडिंग टीम (तथ्यान्वेषी दल) का गठन किया गया था। एनसीडब्ल्यू की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने भी स्थिति का जायजा लेने के लिए सवाई माधोपुर का दौरा किया।



क्षेत्र में रहने वाले विभिन्न परिवारों, पुलिस अधिकारियों और स्थानीय प्रशासन के साथ बातचीत के आधार पर महिला आयोग के निष्कर्ष और सुझाव दिए हैं। इस निष्कर्ष के लिए पर्याप्त सबूत हैं कि सवाई माधोपुर सहित राजस्थान के कई जिलों में युवा लड़कियों को गलत काम के लिए मजबूर किया जा रहा है। भीलवाड़ा और भरतपुर में राजमार्ग के किनारे सबसे आम स्थान हैं। उन्होंने कहा कि जांच में यह पता चला कि कंजर बस्ती, पंडेर के भीलवाड़ा जिले में परिवार का पंजीकरण, जिन्हें अद्यतन किया जाना था, वहां रहने वाले परिवारों के बारे में महत्वपूर्ण विवरणों में कमी थी। रिकार्ड में शादी करने वाली या किसी दूर के रिश्तेदार के साथ रहने वाली लड़कियों की पहचान नहीं थी।

टीम ने पाया कि समुदायों का दौरा इस बात का और सबूत देता है कि राज्य में बाल विवाह अभी भी आमबात है। मीडिया में कवर की गई घटना ऐसे कई मामलों में से एक है। इसी तरह के दो मामले बाद में बूंदी जिले से दर्ज किए गए थे। हालांकि, जिला प्रशासन और पुलिस पूरी तरह से इनकार कर रही है और इस मुद्दे को हल करने में विफल रही है। टीम ने कहा कि पंचायत और स्थानीय सरकार की धमकियों के कारण लोगों पर बाल स्ष्तर पर गलत काम और तस्करी की वास्तविक सीमा को छिपाने का दबाव है। एनसीडब्ल्यू की टीम ने परिवारों से बातचीत के दौरान यह भी पाया कि हर परिवार में छह से नौ नाबालिग लड़कियां एक ही छत के नीचे रहती थीं। ये लड़कियां परिवार में एक-दूसरे के साथ अपने रिश्ते को बताने में असमर्थ थीं।

उन्होंने सुझाव दिया कि संबंध स्थापित करने के लिए युवा लड़कियों और उनके संबंधित परिवारों पर डीएनए परीक्षण किया जाना चाहिए। जबरन गलत काम के लिए मजबूर की गईं नाबालिग लड़कियों को बचाना और उनका उचित पुनर्वास किष्या जाना महत्वपूर्ण है। राजस्थान में यौन शोषण, गलत काम आदि के लिए महिलाओं और लड़कियों की तस्करी के लिए एक स्रोत और गंतव्य दोनों एक जैसे लगते हैं। जनता को इन मुद्दों के बारे में जागरूक किया जाना चाहिए और अधिकारियों को संवेदनशील होना चाहिए।

महिला आयोग ने कहा है कि राजस्थान सरकार को सलाह दी जा सकती है कि वह राज्य में जन्म लेने वाली प्रत्येक बच्ष्ची का ट्रैक रिकार्ड रखे। इस बीच महिला आयोग की टीम ने केंद्र को जांच करने के लिए एक एसआईटी गठित करने की सलाह दी है और प्रवर्तन एजेंसियों को ऐसे मुद्दों से निपटने में सक्रिय होना चाहिए। महिला अधिकार निकाय ने सुझाव दिया कि आर्थिक आजीविका गतिविधियों, लड़कियों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य से संबंधित जागरूकता कार्यक्रमों को उनकी स्थिति में सुधार के लिए केंद्रित किया जाना चाहिए।

# नेपाल में 20 नवंबर को होने वाले चुनाव को लेकर वार्डर सीमा सील

गोरखपुर । 20 नवंबर को नेपाल में होने वाले चुनाव के मद्देनजर गुरुवार को महराजगंज के जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार व पुलिस अधीक्षक ड0 कौस्तुभ अपने मातहतों संग अचानक ठूठीबारी पहुंचे और भारत-नेपाल अंतराष्ट्रीय सीमा का जायजा लिया। विदित हो कि 20 नवंबर को नेपाल में होने वाले चुनाव को लेकर अंतराष्ट्रीय सीमा पर चौकसी बरतने को लेकर उपरोक्त अधिकारियो ने मौके से मौजूद रहे सभी को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। नेपाल में होने वाले चुनाव को गंभीरता पूर्वक लेते हुए वार्डर सीमा को सील कर दिया गया है। सभी के आवाजाही पर पूर्णतया रोक लगा दी गई है। कस्टम अधीक्षक संजीव चौधरी से बार्डर की गतिविधियों के बारे में जानकारी भी ली तथा बार्डर पर सुरक्षा द्दष्टि से तैनात 22वी वाहिनी एसएसबी के बीओपी प्रभारी निरीक्षक जयंता घोस से भी सुरक्षा के बारे में जानकारी ली गई। तस्करी व घुसपैठ को लेकर चर्चा की गई और चौकस व्यवस्था बनाए रहने का भी निर्देश दिया। इसके बाद कोतवाली ठूठीबारी का एसपी डाक्टर कौस्तुभ ने निरीक्षण किया इस दौरान एसपी ने कोतवाली ठूठीबारी कार्यालय से लेकर बैरक, महिला हेल्प डेस्क, मालखाना, मेस सहित परिसर की साफ-सफाई को बारीकी से देखा तथा निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियो को दूर करने हेतु मौके पर मौजूद रहे निचलौल सर्किल के सीओ सूर्यबली मौर्य व कोतवाली प्रभारी जय प्रकाश सिंह यादव को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## भाजपा की सदस्यता कई राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं ने ली

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल की उपस्थिति में आज आम आदमी पार्टी के चिराग दिल्ली वार्ड के उपाध्यक्ष अनिल शर्मा, लोक जनशक्ति पार्टी के प्रदेश महासचिव देवेन्द्र परमार्थ एवं नरेश यादव सहित कई कार्यकर्ता आज भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इसके अलावा आज भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों में आम आदमी पार्टी की प्रीतमपुरा वार्ड संगठन मंत्री श्रीमती नीलम राखी, श्री विमल चन्ना, श्रीमती वंदना सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हैं। विजय गोयल ने कहा कि आम आदमी पार्टी के अंदर जिस तेजी से भ्रष्टाचार, टिकटों की बिक्री और अन्य कारनामें बाहर आ रहे है, उस तेजी से आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। अगर यही स्थिति रही तो आने वाले समय में पूरी आप पार्टी ही खाली होने वाली है। उन्होंने कहा कि जो लोग 200 से अधिक सीटें लाने की बात करने वाली आम आदमी पार्टी अगर निगम चुनाव में 50 सीटें भी ले आई तो वह भी उसके लिए काफी होगा। विजय गोयल ने कहा कि आम आदमी पार्टी अपने ही नेताओं को ठगने और उससे पैसे ऐठने का काम कर रही है।

# आम आदमी पार्टी ने कूड़ा प्रचार वाहन निकाली

**नई दिल्ली, एजेंसी** । दिल्ली एमसीडी चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी ने कूड़ा प्रचार वाहन रवाना किया है। इसके जरिए ष्आपष भाजपा के कूड़े के पहाड़ों का दर्शन कराएगी। आम आदमी पार्टी के प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने कहा कि भाजपा के 15 साल के शासन की सबसे बड़ी उपलब्धि तीन कूड़े के पहाड़ों का दर्शन इन वाहनों के जरिए दिल्ली करेगी। दिल्ली में कूड़े के पहाड़ की गाड़ी जगह-जगह घूमकर भाजपा के 15 साल के शासन की पोल खोलेगी। लोगों से अपील है कि अगर कूड़ा चाहिए तो भाजपा को वोट दो और सफाई चाहिए तो आम आदमी पार्टी को वोट दो। भारतीय जनता पार्टी के पिछले 15 साल के शासन में ऐसी कोई गली नहीं बची है, जिनसे इन्होंने वसूली नहीं की है। दिल्ली के लिए कल्याणकारी योजनाएं बनाने वाले डीडीसी उपाध्यक्ष जस्मिन शाह का दफ्तर भाजपा ने बौखलाहट में आकर सील किया है। गोपाल राय और एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक ने आज पार्टी मुख्यालय से एमसीडी चुनाव के लिए महत्वपूर्ण प्रचार अभियान की शुरुआत की। इस दौरान गोपाल राय ने कहा कि दिल्ली की अंदर एमसीडी चुनावों को लेकर चारों तरफ चर्चाएं तेज हो चुकी हैं। पूरी दिल्ली के अंदर से आवाज उठ रही है कि इस बार एमसीडी में 15 साल की भाजपा की कूड़ा-कूड़ा सरकार को बदला जाए। पूरी दिल्ली इसके लिए इका ा हो रही है। आम आदमी पार्टी ने पूरे 250 प्रत्याशी इसके लिए उतारे हैं। जिन्होंने क्षेत्र में पद यात्रा, जन संवाद अपने प्रचार को तेज किया है। भाजपा की 15 साल की सबसे बड़ी उपलब्धि माने जाने वाले तीन कूड़े के पहाड़ों का दर्शन आज से दिल्ली करेगी। दिल्ली में कूड़े के पहाड़ की गाड़ी जगह-जगह घूमेगी। दिल्लीवासियों को याद दिलाएगी की 15 साल में भाजपा सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी को सिर्फ कूड़ा कूड़ा किया है, उसको बदलना है। गोपाल राय ने कहा कि दिल्ली में पूरी ताकत के साथ केजरीवाल सरकार है जो कि बिजली, पानी, स्कूल, अस्पताल पर काम कर रही है। एमसीडी में भी अरविंद केजरीवाल जी की सरकार बनने जा रही है। ऐसे में दिल्ली के लोगों से अपील है की वह अपने-अपने क्षेत्र से आम आदमी पार्टी के पार्षद प्रत्याशियों को भारी बहुमत से जिताकर भेजिए, ताकि उन क्षेत्रों में बेहतर काम हो सकें। आपका इलाका भी चमक सके। ऐसे में दिल्ली में आज से कूड़े के प्रचार वाहन पूरी दिल्ली में घूमेंगे। भाजपा के 15 साल के शासन की जगह-जगह जाकर पोल खोलेंगे।उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के पिछले 15 साल के शासन में ऐसी कोई गली नहीं बची है, जिनसे उन्होंने वसूली नहीं की है। ऐसे में भ्रष्टाचार को लेकर पूरी भाजपा घिर चुकी है। पूरी दिल्ली पूछ रही है आपने 15 साल में क्या किया। उनके पास इसका कोई जवाब नहीं है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा इसके जवाब में कह रहे हैं कि हमने एक स्टिंग किया है। जबकि दिल्ली के लोग कह रहे हैं कि अपने 15 साल के कुशासन का जवाब दीजिए। इसलिए दिल्ली बदलाव चाह रही है।

# पिछले छह साल में मैंने क्रीज पर इतना सहज कभी महसूस नहीं किया: स्मिथ




एडिलेड, ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्टीवन स्मिथ ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले वनडे अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले में मैच–जिताऊ अर्धशतक लगाने के बाद ऐलान किया है कि उन्होंने पिछले छह वर्षों में इससे बेहतर बल्लेबाजी नहीं की है। ऑस्ट्रेलिया आने वाले समय में वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका की टेस्ट सीरीज में मेजबानी करेगा और यह घोषणा उन दोनों के लिए खतरे की घंटी से कम नहीं है।

गुरुवार को एडिलेड ओवल में खेले गए मैच में स्मिथ ने 78 गेंदों पर नाबाद 80 की पारी खेली और इसके सहारे ऑस्ट्रेलिया ने विश्व चैंपियन इंग्लैंड को आसानी से हराया। स्मिथ ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा, शायद पिछले छह साल में क्रीज में मैंने इतना सहज कभी अनुभव नहीं किया था। मैं ऐसे पोज़िशन में आ रहा था जो शायद छह सालों में नहीं हुआ। इस अवधि में मैंने रन भी बनाए लेकिन क्रिकेट में आप हमेशा पूर्णता की खोज में रहते हैं और यह पारी उसके सबसे निकट थी।स्मिथ ने इस पारी का श्रेय खुद के स्टांस पर किए गए साल–भर के मेहनत को दिया। अब वह पहले की तरह गेंद को खेलते हुए क्रीज पर उछाल नहीं करते और गेंद के अधिक साइड–ऑन रहने में विश्वास करते हैं।उन्होंने कहा, कल काफी बेहतर था। इससे पहले केर्न्स में एक धीमी विकेट पर मुझे ऐसा लग रहा था कि पर्याप्त समय नहीं मिल रहा है। कल मैंने जब दो अच्छे कवर ड्राइव लगाए तो मैं समझ गया कि मेरे शरीर का वजन सही तरीके से गेंद की तरफ जा रहा है।स्मिथ ने ऑस्ट्रेलिया के टी20 विश्व कप अभियान में केवल एक ही मैच खेला है, हालांकि इस बीच उनका वनडे रिकॉर्ड काफी अच्छा रहा है। उन पर लगाए गए साल–भर के प्रतिबंध के बाद 2019 विश्व कप में लौटने के बाद से स्मिथ ने वनडे क्रिकेट में 54.84 की औसत से रन बनाए हैं। 2020 के शुरू से यह औसत 66.13 का रहा है। स्मिथ ने जो छह साल की अवधि बताई है उसमें 2019 एशेज के दौरान उनका जबरदस्त प्रदर्शन शामिल है। उन्होंने 2016 के बाद से टेस्ट क्रिकेट में भी 61.77 की औसत से रन बनाए हैं। हालांकि उस एशेज अभियान के बाद उन्होंने केवल दो टेस्ट शतक जड़े हैं।

स्मिथ ने कहा, मैंने कुछ प्रयोग किए हैं और आप कह सकते हैं यह छह या 12 महीने की प्रक्रिया होती है। पिछले गर्मियों के शुरूआत में मैंने 2015 की तरह अपने हाथों का इस्तेमाल करने की कोशिश की थी। मुझे लगता है मैं अधिक साइड–ऑन रह पा रहा हूं और इससे मुझे हाथ और पैर में तालमेल बिठाने में आसानी हो रही है। गुरुवार शायद पहला अवसर था जब ऐसे बदलावों के बाद मुझे क्रीज पर काफी समय बिताने का मौका मिला। एक पारी के आधार पर बहुत बड़ा निष्कर्ष निकालना कठिन है लेकिन मुझे लगता है 2013 में वाका में खेलते हुए जैसे सब कुछ आसान लगने लगा था, शायद यह वैसे ही अनुभूति थी। उम्मीद करता हूं इस सीजन बड़े रन आएंगे।

स्मिथ ने अब तक 87 टेस्ट मैचों में 28 शतकों के साथ 60 के औसत से रन बनाए हैं। वेस्टइंडीज के विरुद्ध दो टेस्ट और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की मेजबानी के बाद ऑस्ट्रेलिया अगले साल बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी के लिए भारत जाएगा। अगर इन मैचों में उनका प्रदर्शन अच्छा रहे तो जून में इंग्लैंड में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल खेलने का अवसर भी मिलेगा, जिसके बाद एशेज में इंग्लैंड से फिर से मुलाकात होगी।




## फीफा 2023 के अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए इन्फेंटिनो एकमात्र उम्मीदवार

दोहा, फीफा ने घोषणा की है कि उसे 2023 में होने वाले अध्यक्ष चुनाव के लिए सिर्फ गियानी इन्फेंटिनो की उम्मीदवारी प्राप्त हुई है।इस साल 30 मार्च को फीफा परिषद द्वारा चुनाव की घोषणा के बाद, फीफा के सदस्य संघों ने अपने अगले अध्यक्ष के लिए मौजूदा फीफा अध्यक्ष के रूप में प्रस्तावित किया है।ïïïïïïïïïïर कोई अन्य उम्मीदवारी प्रस्तुत नहीं की गई है।अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल गवर्निंग बॉडी के अनुसार, चुनाव 16 मार्च, 2023 को किगाली, रवांडा में 73वीं फीफा कांग्रेस में होगा।

फरवरी 2016 में फीफा कांग्रेस के दौरान 52 वर्षीय इन्फेंटिनो को अध्यक्ष के रूप में चुना गया था, जो संगठन के इतिहास में नौवें अध्यक्ष बने। अपना पहला चार साल का कार्यकाल शुरू करने के लिए जून 2019 में उन्हें फीफा अध्यक्ष के

## एशियन कप: चेन जिंगटोन को हरा कर मनिका एशियन कप टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में



बैंकाक । आईटीटीएफ–एटीटीयू एशियन कप टूर्नामेंट में अब तक का सबसे बड़ा उलटफेर करते हुये भारत की नम्बर एक खिलाड़ी मनिका बत्रा ने गुरूवार को विश्व की नम्बर सात और टूर्नामेंट में तीसरी वरीय चीनी प्रतिद्वंदी चेन जिंगटोंग को हरा कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। मैक इंडोर स्टेडियम में गैर वरीयता प्राप्त और विश्व में 44वें नंबर की खिलाड़ी मनिका ने जबरदस्त खेल का प्रदर्शन करते हुये चीनी खिलाड़ी को धराशायी किया। मनिका शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल में ताइपे की दुनिया की 23वें नंबर की चेन जू यू से भिड़ेंगी।

चीनी खिलाड़ी के सामने मनिका ने अनुकरणीय साहस का परिचय दिया। एक समय स्कोर 3–3 की बराबरी पर था मगर मनिका ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुये निर्णायक गेम में 5–2, 8–3, 8–7 और 9–7 से बढ़त बना ली, लेकिन तीसरी सीड ने 9–9 के स्तर पर अपनी सर्विस बरकरार रखी। फिर भी, मनिका ने अदम्य साहस का परिचय देते हुये अंतिम दो महत्वपूर्ण अंक हासिल कर जीत अर्जित की। मनिका ने कहा, मैं दुनिया में नंबर 7 को हराकर वास्तव में खुश हूं, बस अपना सर्वश्रेष्ठ खेलना जारी रखूंगी और अगले राउंड के लिए इस पर ध्यान केंद्रित रखूंगी। हाल ही में एक चीनी खिलाड़ी के खिलाफ यह मेरी तीसरी जीत थी। मेरे लिए समर्थन और उत्साहवर्धन करने के लिए आप सभी का धन्यवाद।

## वानखेड़े के फर्जी दस्तावेजों के खिलाफ मलिक की टिप्पणी पर जांच के आदेश

मुंबई ,महाराष्ट्र के वाशिम जिले की एक सत्र अदालत ने पुलिस को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता नवाब मलिक द्वारा नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के मुंबई के पूर्व क्षेत्रीय निदेशक समीर वानखेड़े के खिलाफ की गई कथित टिप्पणी की जांच करने का निर्देश दिया है।मलिक ने पिछले साल कहा था कि वानखेड़े ने अपना जाति प्रमाण पत्र हासिल करने के लिए जाली दस्तावेज जमा किए थे। राकांपा नेता ने एनसीबी अधिकारी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी भी की। वानखेड़े ने मलिक के सभी आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि वह उन्हें इसलिये निशाना बना रहे हैं ,क्योंकि एनसीबी ने उनके दामाद को ड्रग्स मामले में गिरफ्तार किया था। इसके बाद एनसीबी अधिकारी के चचेरे भाई संजय वानखेड़े ने शिकायत दर्ज कर मलिक के खिलाफ अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत जांच की मांग की थी।

## टी20 विश्व कप में वेस्टइंडीज के लचर प्रदर्शन की समीक्षा के लिए स्वतंत्र समूह में लारा, आर्थर शामिल

सेंट जोंस, महान बल्लेबाज ब्रायन लारा को उस तीन सदस्यीय स्वतंत्र समूह में शामिल किया गया है जो हाल में संपन्न टी20 विश्व कप के पहले दौर से वेस्टइंडीज के बाहर होने की 'समग्र समीक्षा' करेगा।दो बार का चैंपियन वेस्टइंडीज स्कॉटलैंड और आयरलैंड के खिलाफ हार के साथ टी20 विश्व कप के ग्रुप चरण से ही बाहर हो गया था। वेस्टइंडीज ने जिंबाब्वे को हराया लेकिन वे चार टीम के ग्रुप में अंतिम स्थान पर रहे।

क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) ने एक बयान में कहा कि विश्व कप समीक्षा समूह वैश्विक टूर्नामेंट में टीम की तैयारी और प्रदर्शन के सभी पहलुओं का समग्र मूल्यांकन करेगा।इस समूह की अध्यक्षता ईस्टर्न कैरेबियन उच्चतम न्यायालय में उच्च न्यायालय के न्यायाधीश जस्टिस पैट्रिक थॉम्पसन जूनियर करेंगे और इसमें लारा के अलावा पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कोच मिकी आर्थर भी शामिल हैं।सीडब्ल्यूआई ने बुधवार को कहा, तीन सदस्यीय पैनल प्रासंगिक अंदरूनी जानकारी और स्पष्ट सिफारिशों के साथ सीडब्ल्यूआई निदेशक मंडल को एक रिपोर्ट



सौंपेगा।उन्होंने कहा, यह भी इरादा है कि यह समीक्षा भविष्य में प्रदर्शन समीक्षा के लिए एक प्रक्रिया स्थापित करेगी। वेस्टइंडीज के बाहर होने के बाद फिल सिमंस ने घोषणा की थी कि वह वर्ष के अंत में मुख्य कोच के रूप में अपनी भूमिका से हट जाएंगे।सीडब्ल्यूआई के अध्यक्ष रिकी स्केरिट ने कहा, यह महत्वपूर्ण है कि खिलाड़ी, कोच, प्रशासक और हम सभी जो वेस्टइंडीज क्रिकेट से प्यार करते हैं, यह पहचानें कि पूरे संगठन में एक सतत सीखने की संस्कृति बनाना, खिलाडि़यों के विकास और टीम में सुधार के लिए महत्वपूर्ण है।

# फिल्मी गपशप

## मधुर भंडारकर की फिल्म इंडिया लॉकडाउन का ट्रेलर रिलीज, दिखा कोरोना काल का दर्द



भारत के लॉकडाउन पर बनी फिल्म इंडिया लॉक-डाउन का टीजर आने के बाद से ही इसके ट्रेलर का इंतजार था, जो अब आखिरकार पूरा हो गया है। फिल्म का ट्रेलर दर्शकों के बीच आ गया है, जो लोगों के बीच काफी चर्चा में है। फिल्म के निर्देशक मधुर भंडारकर हैं और उन्होंने भी सोशल मीडिया पर ट्रेलर रिलीज की जानकारी अपने प्रशंसकों को दी है। आइए देखते हैं कैसा है फिल्म इंडिया लॉकडाउन का ट्रेलर।

भंडारकर ने इंस्टाग्राम पर ट्रेलर शेयर कर लिखा, हमारे साथ कोरोना महामारी की अनसुनी और अनकही कहानियों के साक्षी बनें। कोरोना काल में देशभर में लगे लॉकडाउन के चलते जीवन कितना अव्यवस्थित हो गया था, उसकी बानगी ट्रेलर में देखने को मिलती है। इसमें हर वर्ग के हालातों को बखूबी दिखाया गया है। गरीबी तबके के लोगों के लिए महामारी कितनी बुरी साबित हुई, उन्हें क्या कुछ झेलना पड़ा, सबकी



कहानियां भंडारकर ने अपनी फिल्म में उठाई हैं।

ट्रेलर देख आप भी उस माहौल को याद कर सहम जाएंगे और इसे खुद से जोड़ पाएंगे। संघर्ष, दुख और दर्द से लबरेज फिल्म का ट्रेलर आपकी आंखें नम कर देगा। दो साल की त्रासदी को भंडारकर ने बड़े अच्छे से पर्दे पर परोसा है।इंडिया लॉकडाउन की कहानी दिल्ली, मुंबई जैसे महानगर में काम की खातिर आने वाले प्रवासी मजदूरों के इर्द–गिर्द घूमती हुई दिखाई देगी, जो महामारी के चलते शहरों से पैदल ही पलायन करने लगे थे। इस फिल्म में प्रतीक बब्बर और श्वेता बसु प्रसाद और अहाना कुमरा मुख्य भूमिका में नजर आने वाली हैं। फिल्म का निर्माण मधुर भंडारकर और डॉ. जयंतीलाल गड़ा ने मिलकर किया है। इंडिया लॉकडाउन अगले महीने 2 दिसंबर को ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर रिलीज होगी।राम गोपाल वर्मा ने भी लॉकडाउन के दौरान कोरोना वायरस नाम की एक फिल्म बनाई थी, जो एक तेलुगु थ्रिलर ड्रामा थी। अगस्त्य मंजू ने इस फिल्म के निर्देशन की कमान संभाली थी। इसके बैकड्राप में लॉकडाउन था। फिल्म में एक परिवार की कहानी दिखाई गई थी, जो महामारी के दौरान कोरोना से संक्रमित हो जाता है। कल्याण राघव ने इस फिल्म की कहानी लिखी थी। सोनिया अकुला केशव दीपक और श्रीकांत अयंगर ने फिल्म में अहम भूमिका निभाई थी।भंडारकर किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं। वह एक मशहूर निर्देशक, निर्माता और स्क्रीन राइटर हैं। उन्होंने एक से बढक़र एक फिल्में बनाई हैं। फिल्म चांदनी बार के लिए उन्हें राष्ट्रीय पुरस्कार से भी नवाजा जा चुका है। इसके अलावा पेज 3, ट्रैफिक सिग्नल और फैशन में भी उनके काम को खूब सराहना मिली। कॉर्पोरेट और इंदु सरकार भी उनकी अच्छी फिल्मों में शुमार हैं।

## रणवीर सिंह ने खत्म की सर्कस की शूटिंग, प्रमोशन के लिए मास्टर प्लान के दिए संकेत

बॉलीवुड स्टार रणवीर सिंह, जिन्होंने हाल ही में मोरक्को में चल रहे माराकेच अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में एटोइल डीओर (गोल्डन स्टार) पुरस्कार जीता, ने अपनी अगली फिल्म सर्कस के संबंध में एक अपडेट साझा किया, जिसमें वह निर्देशक रोहित शेट्टी के साथ काम कर रहे हैं।

अभिनेता ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर सर्कस के सेट से शेट्टी के साथ एक तस्वीर साझा की। इसमें अभिनेता वरुण शर्मा और दूसरे क्रु के अन्य सदस्य भी नजर आ रहे हैं। फिल्म में निर्देश-ाक की अपनी भूमिका के अनुरूप रोहित को अपनी जेब में वॉकी टॉकी रखे हुए घास पर बैठे देखा जा सकता है।

रणवीर ने अपने कैप्शन में यह भी संकेत दिया कि मास्टर ऑफ मास ब्लॉकबस्टर्स (शेट्टी) के पास कुछ प्रमोशनल मास्टर प्लान हैं। रणवीर ने तस्वीर के साथ कैप्शन में लिखा, शूटिंग खत्म, प्रमोशन की प्लानिंग शुरू ! मासटर फिल्ममेकर के मासटर प्लान्स।सर्कस में जॉनी लीवर और संजय मिश्रा सहित हिंदी सिनेमा के कॉमेडी सितारों का एक समूह भी शामिल है, दोनों ने पिछले 15 वर्षों से रोहित शेट्टी के साथ गोलमाल कॉमिक कविता में काम किया है।

दर्शकों को सिनेमाघरों में वापस लाने के लिए इंडस्ट्री रणवीर की सर्कस और शाहरुख खान की पठान पर बैंकिंग कर रही है।

## टाइगर 3 के बाद शाहरुख खान की जवान में हुई रिद्धि डोगरा की एंट्री

लगता है जैसे टीवी अभिनेत्री रिद्धि डोगरा के सितारे बुलंदियों पर हैं। हाल में खबर आई थी कि वह सलमान खान की फिल्म टाइगर 3 में शामिल हो गई हैं। अब सुनने में आ रहा है कि उनकी एंट्री दिग्गज अभिनेता शाहरुख खान की फिल्म जवान में हो गई है। हालांकि, इसको लेकर आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। इस फिल्म का निर्देशन साउथ के जाने–माने फिल्ममेकर एटली कर रहे हैं।रिपोर्ट के अनुसार, शाहरुख की जवान की टीम में अभिनेत्री रिद्धि को शामिल कर लिया गया है। वह फिल्म में छोटी, लेकिन महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आ सकती हैं।



यहां तक कि उन्होंने फिल्म के मुंबई और चेन्नई शेड्यूल की शूटिंग भी की है। एक सूत्र ने बताया, रिद्धि शाहरुख की बहुत बड़ी फैन हैं और जवान में काम करना उनके लिए सपने के सच होने जैसा लम्हा रहा है। उन्होंने इस फिल्म की शूटिंग में काफी मस्ती की।

रिद्धि को ए कोल्ड मेस और द मैरिड वुमन जैसे टीवी सीरीज में देखा गया है। वेब सीरीज असुर में भी उन्होंने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई थी। इसमें उनके साथ अभिनेता अरशद वारसी नजर आए थे। मर्यादा: लेकिन कब तक?, सावित्री, लागी तुझसे लगन और वो अपना सा जैसे शोज में काम करके उन्होंने घर–घर में अपनी पहचान बनाई। यदि जवान तय तारीख को यानी 2 जून को रिलीज होगी, तो यह उनकी बॉलीवुड डेब्यू फिल्म होगी।शाहरुख अभिनीत जवान की शूटिंग पिछले साल सितंबर में शुरू हुई थी। अब तक इस फिल्म को पुणे, मुंबई, हैदराबाद और चेन्नई में शूट किया गया है। इसकी शूटिंग फिलहाल मुंबई में चल रही है। इसका वर्तमान शेड्यूल 18 अक्टूबर को शुरू हुआ था और यह नवंबर के तीसरे सप्ताह तक चलेगा। इस महीने के अंत में शाहरुख इस प्रोजेक्ट से ब्रेक लेकर राजकुमार हिरानी की डंकी की शूटिंग के लिए विदेश जाएंगे।शाहरुख की जवान हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में दर्शकों के बीच आएगी। शाहरुख रेड चिलीज एंटरटेनमेंट के तले इस फिल्म का निर्माण कर रहे हैं। चर्चा है कि फिल्म में शाहरुख डबल रोल में होंगे। एक किरदार गैंगस्टर के बेटे का है, तो वहीं दूसरा किरदार रॉ अधिकारी का है।

## बिग बॉस 16 में होगी रिद्धिमा पंडित की एंट्री? अभिनेत्री ने कही यह बात

पिछले दिनों छोटे पर्दे के गलियारों में इस खबर ने खूब तूल पकड़ा कि अभिनेत्री रिद्धिमा पंडित रियलिटी शो बिग बॉस 16 में एंट्री ले रही हैं। प्रशंसक इस खबर से फूले नहीं समाए और सोशल मीडिया पर इसे लेकर खुशी जाहिर करने लगे। खबर आने लगी कि रिद्धिमा की एंट्री से घर में धमाल होने वाला है। अब आखिरकार खुद अभिनेत्री ने इस पर चुप्पी तोड़ दी है।

रिद्धिमा ने ट्वीट कर इन अफवहों का खंडन किया। उन्होंने लिखा, मैं बिग बॉस 16 का हिस्सा नहीं बनने वाली हूं। जल्द ही मैं अपने प्रशंसकों को एक नया सरप्राइज दूंगी। मैं क्या करने वाली हूं, आप अंदाजा लगाते रहें। बीते दिनों चर्चा थी कि रिद्धिमा बतौर वाइल्ड कंटेस्टेंट बिग बॉस 16 से जुडऩे वाली हैं। उनकी एंट्री शो में तय मानी जा रही थी, लेकिन रिद्धिमा ने इस खबर को खारिज कर दिया है।

रिद्धिमा पिछले साल बिग बॉस ओटीटी का हिस्सा रह चुकी हैं। इस शो के डिजिटल संस्करण को पिछले साल फिल्ममेकर करण जौहर ने होस्ट किया था। इसका प्रसारण




वूट पर किया गया था। शुरुआत में रिद्धिमा शो की मजबूत प्रतिभागी बनकर उभरी थीं, लेकिन अचानक वह शो से बाहर निकल गई थीं। रिद्धिमा के अचानक बाहर जाने से उनके फैंस नाराज हो गए थे। फिर उनका नाम बिग बॉस 15 के लिए भी सामने आया था। रिद्धिमा ने टीवी पर धारावाहिक बहू हमारी रजनीकांत से अपना एक्टिंग करियर शुरू किया था।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com